26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 24 सितम्बर, 2026

अंक- 331 मूल्य दो रुपये पृष्ठ- 8

www.dainikchingari.com

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर चलती बस में लगी भीषण आग, 9 यात्रियों की मौत

## सीएम योगी द्वारा मृतकों को आर्थिक सहायता की घोषणा

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में ग्रेटर नोएडा जेवर थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस-वे पर बुधवार देर रात एक चलती बस में अचानक भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। कश्मीरी गेट, नई दिल्ली से महोबा जा रही एक बस में 33 किलोमीटर माइलस्टोन के पास आग लगी। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बस के अंदर मौजूद नौ यात्रियों की जलने और दम घुटने से मौत हो गई, जबकि बचाव दल ने 20 से अधिक यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार ने जानकारी दी और बताया कि बस में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस के उच्चाधिकारी स्थानीय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जेवर टोल पर तैनात फायर टेंडर के अलावा अन्य चार फायर टेंडर, रेस्क्यू टेंडर और फायर सर्विस यूनिट को भी तत्काल घटनास्थल पर भेजा गया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। आग बुझाने के बाद पुलिस और फायर सर्विस की टीम ने तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। बस के अंदर धुआं भरा होने के बावजूद जवानों और दमकलकर्मियों ने



अथक प्रयास करते हुए यात्रियों को बाहर निकाला।

रेस्क्यू के दौरान बस के अंदर नौ लोग मृत अवस्था में मिले। प्रथम दृष्टया उनकी मौत जलने अथवा दम घुटने के कारण होने की बात सामने आई है। प्रारंभिक जांच में बस में आग लगने का कारण एसी में स्पार्क/ब्लास्ट होना बताया जा रहा है। इसके बाद बस के इंजन के लुब्रिकेंट ऑयल में आग लगने और तेजी से फैलने की आशंका जताई गई है। हालांकि घटना के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। हादसे के बाद जेवर थाना पुलिस ने मृतकों की पहचान कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस द्वारा मृतकों के परिजनों से संपर्क करने और उनकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। घटना के संबंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस ने बस के चालक और परिचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री की ओर से हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिजन को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। प्रशासन द्वारा हादसे से संबंधित अन्य आवश्यक कार्रवाई भी की जा रही है।

# ट्रक की टक्कर से कार के परखचे उड़े, झारखंड कैबिनेट मंत्री की बेटी समेत 4 की मौत

**जमशेदपुर (एजेंसी/चिंगारी)।** झारखंड के जमशेदपुर जिले के दोमुहानी इलाके में भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां एक कार और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह की बेटी के भी शामिल है। घटना बुधवार देर रात की है। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के मुताबिक, दोमुहानी के पास कार और ट्रक की जोरदार भिड़ंत हुई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों को घटना की जानकारी हुई तो मौके पर भीड़ जुटने लगी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत-बचाव टीम मौके पर पहुंची। टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव का काम शुरू किया। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत की सूचना सामने आई है।

# विधायक के फॉर्म हाउस में युवती के साथ दरिंदगी

## दरोगा, सिपाही और सीआरपीएफ जवानों ने की सामूहिक हैवानियत

**अमरोहा (चिंगारी)।** अमरोहा के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में झूलपुरी स्थित खानपुर (उत्तराखंड) के विधायक उमेश शर्मा के फार्म हाउस पर हरियाणा की युवती से सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हसनपुर कोतवाली का दरोगा व अमरोहा पुलिस लाइन में तैनात सिपाही और असम में सीआरपीएफ की 156 वीं बटालियन में इंस्पेक्टर और पांचवीं बटालियन दिल्ली के हेड कांस्टेबल आरोप के घेरे में हैं। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने दोनों पुलिसकर्मियों को निलंबित भी कर दिया है। हसनपुर कोतवाली में सभी से पूछताछ की जा रही है। युवती फिलहाल अमरोहा में वन स्टॉप सेंटर पर है। आरोपियों में शामिल दो मुजफ्फरनगर जिले के हैं, जबकि एक बागपत और एक अन्य अलवर (राजस्थान) का रहने वाला है।




एसपी लखन सिंह यादव ने बताया कि पीड़ित युवती हरियाणा के फतेहाबाद जिले की रहने वाली है और वहीं की किसी प्राइवेट कंपनी में जॉब करती है। युवती ने पुलिस को बताया कि एक महिला मित्र ने उसकी मुलाकात सीआरपीएफ में हेड कांस्टेबल मोहित से कराई थी। मोहित मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव सौरम का रहने वाला है। सोमवार (21 सितंबर) को वह सोनीपत में मोहित से मिली। उसने घूमने चलने का प्रस्ताव रखा तो वह उसकी कार में सवार हो गई। सोनीपत से मोहित उसे कार से मेरठ ले गया, जहां उसने अपने साथी अलवर (राजस्थान) के थाना क्षेत्र के गांव हातनखेड़ा निवासी सीआरपीएफ इंस्पेक्टर लालाराम यादव को भी गाड़ी में बैठा लिया।

सोमवार रात ये तीनों मेरठ में एक स्थान पर रुके। इसके बाद मंगलवार की शाम तीनों कार से हसनपुर कोतवाली पहुंचे, जहां गेट पर सादे कपड़ों में पहले से मौजूद बागपत के थाना रमाला के गांव सूप निवासी दरोगा संजय तोमर भी उनकी गाड़ी में सवार हो गया। कुछ देर बाद सभी हसनपुर कोतवाली इलाके में झूलपुरी में स्थित खानपुर (उत्तराखंड) के विधायक उमेश शर्मा के फार्म हाउस पर पहुंचे, वहां कुछ कमरे लिए गए। कुछ देर बाद मुजफ्फरनगर के फुगाना थाना इलाके के गांव खेड़ामस्तान निवासी सिपाही प्रमोद कुमार खाना और शराब लेकर वहां पहुंचा।

# भारत ने एशियाई खेलों के पांचवें दिन की शुरुआत रजत और कांस्य पदक से की

**आइची-नागोया (जापान) (एजेंसी/चिंगारी)।** एशियाई खेल 2026 के पांचवें दिन गुरुवार की शुरुआत में भारत ने रोशिबिना देवी ने वुशु में रजत पदक तथा सतनाम सिंह और सलमान खान ने पुरुष युगल स्कल्स में कांस्य पदक जीतकर की। आज यहां भारतीय एथलीट रोशिबिना देवी नाओरेम को चीन की झांग शियाओयू से 0-2 से हारने के बाद महिलाओं के सांडा 60 किग्रा वुशु स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं सतनाम सिंह और सलमान खान ने यहां पुरुषों के डबल स्कल्स में कड़े मुकाबले के बाद कांस्य पदक जीतकर भारतीय रोइंग के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया और देश को एशियाई खेलों में इस स्पर्धा का पहला पदक दिलाया। स्क्वैश में जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार मिश्रित के क्वार्टर फ़ाइनल में पहुंचे, जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार ने हमवतन भारतीय खिलाड़ियों सूरज चंद और शमीना रियाज़ को 2-0 (11-7, 11-10) से हराकर मिश्रित युगल के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। भारतीय जोड़ी कल क्वार्टर फ़ाइनल में फिलीपींस के डेविड पेलिनो और जेमिका अरिबाडो का सामना करेंगी। कैनो स्प्रिंट में भारत पुरुषों की कयाक फोर 500 मीटर फाइनल में सातवें स्थान पर रहा। भारत के हर्षवर्धन शक्तावत, वरिंदर सिंह, एल नाओचा सिंह ओइनम और अरुण सिंह ने पुरुषों की कयाक फोर 500 मीटर फ़ाइनल में 1ः28.982 के समय के साथ सातवां स्थान हासिल किया। तैराकी : भारत पुरुषों की 4 गुणा100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले हीट्स में 12वें स्थान पर रहा। रोहित बेनेडिक्टन, अनीश सुनील कुमार गौड़ा, आकाश मणि और हीर गीतेश शाह की भारतीय टीम ने पुरुषों की 4 गुणा 100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में 3ः23.51 के समय के साथ अपनी हीट में छठा और कुल 13 टीमों में 12वां स्थान हासिल किया।








# देश और समाज के हित में काम आने पर ही शिक्षा सार्थक- मुर्मु

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को गुजरात के वडोदरा में महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय के 75 वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में कहा कि शिक्षा तभी सार्थक होती है, जब उसका लाभ देश और समाज को मिले। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्वविद्यालय पिछले 75 वर्षों से ज्ञान की अलग-अलग धाराओं को जोड़कर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि आज की दुनिया में किसी भी समस्या का समाधान केवल एक विषय तक सीमित नहीं है। बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए अलग-अलग विषयों को साथ लेकर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके लिए वैज्ञानिक की जिज्ञासा, कलाकार की संवेदनशीलता, इतिहासकार का नजरिया, अर्थशास्त्री की समझ और समाजशास्त्री की सोच जरूरी है। उन्होंने कहा कि महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों को इस दिशा में लगातार सजग और सक्रिय रहना चाहिए।













# बिजनौर में कल निकलेगी गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा



बिजनौर (चिंगारी)। सर्राफा स्वर्णकार संघ, बिजनौर के तत्वावधान में शुक्रवार, 25 सितंबर 2026 को श्री गणपति महाराज की प्रतिमा विसर्जन के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा दोपहर 12 बजे सर्राफा बाजार से प्रारंभ होगी। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार शोभायात्रा सिविल लाइन, नुमाइश ग्राउंड होते हुए गंगा बैराज के लिए प्रस्थान करेगी। गंगा बैराज पर विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार श्री गणपति महाराज की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। शोभायात्रा के सफल संचालन की जिम्मेदारी सर्राफा स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष सुमित सिंघल, महामंत्री जंगबहादुर वर्मा तथा कोषाध्यक्ष विजयंत राज अग्रवाल के साथ संघ के संरक्षक अरविंद अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, अखिल अग्रवाल एवं विजय खन्ना तथा उपाध्यक्ष दिलीप रस्तोगी, विजय सागर वर्मा, सचिन राजपूत एवं श्री राजकुमार वर्मा संयुक्त रूप से संभालेंगे।

संघ की ओर से नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आह्वान किया गया है। साथ ही शोभायात्रा के दौरान धार्मिक मर्यादा एवं अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई है।

## मोहल्ला कुंवर बाल गोविंद व जाटान से निकलेगी गणपति प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा

बिजनौर। मोहल्ला कुंवर बाल गोविंद एवं जाटान की ओर से श्री गणपति महाराज की प्रतिमा विसर्जन के उपलक्ष्य में शुक्रवार, 25 सितंबर 2026 को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा दोपहर 12 बजे मोहल्ला कुंवर बाल गोविंद एवं जाटान से प्रारंभ होकर सर्राफा बाजार होते हुए नुमाइश ग्राउंड पहुंचेगी। इसके पश्चात शोभायात्रा गंगा बैराज के लिए प्रस्थान करेगी, जहां विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार श्री गणपति महाराज की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा।

शोभायात्रा के आयोजन एवं संचालन की जिम्मेदारी मोहल्ला कमेटी के अध्यक्ष श्री प्रदीप शर्मा, संयोजक श्री अजीत अग्रवाल, महामंत्री श्री अचल खन्ना, उपाध्यक्ष श्री विजयंत राज अग्रवाल एवं श्री अंकित जिंदल तथा कोषाध्यक्ष श्री अंकुर अग्रवाल द्वारा संभाली जाएगी।

वहीं कमेटी के संरक्षक श्री मुकेश अग्रवाल, श्री अभय कौशिक, श्री अरविंद अग्रवाल एवं श्री राम मोहन सिंह मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

महिला समिति की ओर से अध्यक्ष श्रीमती शिवानी अग्रवाल, महामंत्री श्रीमती प्रियंका चौधरी, श्रीमती संगीता अग्रवाल, श्रीमती दीपिका कौशिक, श्रीमती अर्चना सिंह, श्रीमती पूनम कौशिक एवं श्रीमती प्रियंका अग्रवाल सहित अन्य सदस्य शोभायात्रा में सहभागिता करेंगी।

आयोजक समिति ने श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर श्री गणपति महाराज का आशीर्वाद प्राप्त करने का आह्वान किया है। साथ ही शोभायात्रा के दौरान धार्मिक मर्यादा, अनुशासन एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई है

# रोवर-रेंजर के प्रवेश जांच शिविर का आयोजन



**धामपुर ( चिंगारी )।** आर.एस.एम. पी.जी. महाविद्याल में रोवर-रेंजर के तीन दिवसीय प्रवेश जांच शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं प्रार्थना के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राजेश कटियार एवं डॉ. भावना वत्सल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. अमित सिंह, डॉ. शौराज सिंह, डॉ. रवि धनकर, डॉ. विवेक यादव डॉ. विनय दुआ,चंद्रकला, एवं प्रीति, अन्नू सहित अन्य शिक्षकगण एवं समस्त रोवर रेंजर्स उपस्थित रहे। शिविर के द्वितीय दिवस की थीम 14 आदर्शों एवं उनके व्यावहारिक जीवन में महत्व पर आधारित रही। इस अवसर पर रोवर-रेंजर्स को विभिन्न आदर्शों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास, आत्मनिर्भरता, सेवा भावना, सहयोग एवं नैतिक मूल्यों के महत्व की जानकारी प्रदान की गई। द्वितीय दिवस के प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य रोवर-रेंजर्स में व्यक्तित्व विकास, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, नैतिक मूल्यों एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना रहा। 14 आदर्शों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में सकारात्मक व्यवहार अपनाने तथा समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रोवर-रेंजर्स ने विभिन्न विषयों को उत्साहपूर्वक समझा और प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता की। शिविर का द्वितीय दिवस विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण रहा।

# आज चामुंडा धाम पर किया जायेगा फिल्म श्याम सरकार का मूहुर्त

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रे फिल्म्स प्रोडक्शन की खाटू वाले श्याम बाबा के चमत्कारों पर आधारित हिंदी फीचर फिल्म श्याम सरकार का शुभ मुहूर्त आज शाम को बिजनौर में चामुंडा मंदिर धाम पर किया जाएगा।




अमित कुमार और शिवकुमार वेद तथा रंजना दीक्षित हैं। कहानी और निर्देशन आलोक गोविल का हैं। इस फिल्म में संगीत प्रसिद्ध संगीतकार दलीप सेन का है और टाइटल गीत साधना सरगम ने गाया है। गीतकार सुरेन्द्र और के के रंजन हैं। फिल्म में अभिनय फैसल खान (आमिर खान का भाई), ताहिर कमाल खान, रविन्द्र ठाकुर, सक्षम राणा और अक्षय वेद , बॉलीवुड अभिनेत्री साजिया अख्तर कर रहे है। फिल्म में श्याम बाबा की भूमिका में आलोक गोविल और शौर्य शर्मा है।फिल्म की शूटिंग मुंबई, बिजनौर और राजस्थान में खाटू वाले श्याम बाबा के मंदिर पर की जाएगी।इस फिल्म का शुभ मुहूर्त आज 24 सितंबर को बिजनौर में चामुंडा धाम मंदिर के प्रांगण में श्याम बाबा के मंदिर पर किया जाएगा।

## गणपति बप्पा मोरिया...
# शोभायात्रा के साथ विदा किया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** गणेश उत्सव के अंतिम दिन आज नगर का वातावरण गणेशमय हो गया। नगर के सर्राफा व्यापारियों द्वारा अग्रवाल धर्मशाला और गिरि समाज द्वारा मोहल्ला झंडा में तथा प्राचीन मंदिर में माली युवा संगठन द्वारा पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। उसके पश्चात तीनों जगहों पर भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे के बाद तीनों जगह से विसर्जन शोभायात्रा शुरू हुई, जिसमें बैंड भजन गाते चल रहे थे और गणपति बप्पा मोरिया के जयकारों से नगर का वातावरण गूंज रहा था। तीनों शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंची, जहां से बैराज के लिए प्रस्थान कर गईं। शोभायात्राओं में भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे और गुलाल लगाकर एक दूसरे के गले मिल रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह मय फोर्स के साथ मौजूद रहे।

# प्रो. मंजू ने संभाली आरबीडी महाविद्यालय की कमान

बिजनौर (चिंगारी)। रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रो. मंजू ने संस्थान की 15वीं प्राचार्या के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने यह पद महाविद्यालय की निवर्तमान प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी की स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के बाद संभाला है। इस अवसर पर प्राचार्या प्रो. मंजू को महाविद्यालय प्रबंध समिति, समस्त शिक्षकगण और शिक्षणेत्तर कर्मचारीगण ने शुभकामनाएं प्रेषित की तथा विश्वास जताया कि उनके निर्देशन में महाविद्यालय अपनी गौरवशाली शैक्षिक परंपरा को अक्षुण्ण बनाए रखने के साथ ही नए कीर्तिमान स्थापित करने में सफल होगा। मूल रूप से हरियाणा के भिवानी में माता स्वर्गीय श्रीमती चन्द्रावती एवं पिता श्री तेजभान जी के घर जन्मीं प्रो. मंजू की आरंभिक शिक्षा सनातन धर्म जगदीश कन्या स्कूल, भिवानी में पूरी हुई। उन्होंने अपनी उच्च शिक्षा भिवानी के आदर्श गर्ल्स कॉलेज से ग्रहण की। छात्र जीवन से ही खेल के प्रति गहन अनुराग को महत्व देते हुए उन्होंने महर्षि दयानंद विश्विद्यालय, रोहतक से शारीरिक शिक्षा विषय में डिप्लोमा पूर्ण किया। उन्होंने इसी क्षेत्र में कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय, कुरुक्षेत्र से शोध कार्य संपन्न किया। उन्होंने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) भी उत्तीर्ण की। इसी के साथ उन्होंने बैडमिंटन में कोचिंग डिप्लोमा नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स, पटियाला से किया। **चिंगारी परिवार प्रो. मंजू के उज्जवल भविष्य एवं उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करता है।**



**प्रो. मंजू को कार्यभार सौंपते हुए प्रो. पारुल त्यागी**


## मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# जैन समुदाय ने पूर्यषण पर्व के आठवें दिन मनाया उत्तम त्याग पर्व



**धामपुर ( चिंगारी )।** जैन धर्म के पर्वाधिराज दशलक्षण महापर्व (पर्यूषण पर्व) का आठवां दिन उत्तम त्याग आत्मा से राग-द्वेष, क्रोध और मोह जैसे विकार भावों को छोड़ने और परोपकार के लिए दान करने की प्रेरणा देता है। उत्तम त्याग धर्म का अर्थ एवं स्वरूप आत्मा से राग, द्वेष, क्रोध, मान जैसे आंतरिक विकारों को पूरी तरह त्याग देना निश्चय है। व्यावहारिक त्याग (दान) अपने धन, वैभव और वस्तुओं से ममत्व (मोह) छोड़कर अन्य जरूरतमंदों व पात्र जीवों की सहायता करना व्यवहार त्याग है। मोहल्ला गुजरातियान स्थित शान्तिनाथ मंदिर तथा पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में नित्य नियम भगवान का अभिषेक पूजा पाठ व दसलक्षण विधान उदित राज म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मध्य प्रदेश से पधारे शास्त्री जी के सानिध्य में संपन्न हुआ। शाम को दोनों मंदिरों में आरती भक्ति प्रवचन और अंताक्षरी गेम का आयोजन किया, जिसमें समस्त जैन समाज ने भाग लिया। अनिल जैन, प्रशांत जैन, सम्यक जैन अतिशय जैन सुगम जैन अभिनव जैन ,अभिषेक जैन ,विशाल जैन नीरज जैन, वंदित जैन सार्थक जैन, निखिल जैन, चंचल जैन, ममता जैन, अपूर्वी जैन, चारु जैन, मधु जैन, राखी जैन, ऋचा जैन, अमिता जैन, साक्षी जैन, प्रगति जैन, पलक जैन, अंकिता जैन, अल्पना जैन, पारुल जैन उपस्थित रहे।

# अब नैनी झील किरतपुर में होगा कयाकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन



बिजनौर। जिला खेल कार्यालय, बिजनौर द्वारा पूर्व में ग्राम अम्हेड़ा स्थित अमृत सरोवर में संचालित कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रशिक्षण केन्द्र को अब नैनी झील, किरतपुर में संचालित किया जाएगा। इस संबंध में श्री बदरूद्दीन निवासी मौ. बुद्धुपाड़ा, अहमद शाह कॉलोनी, किरतपुर तथा जिला क्रीड़ाधिकारी, नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर के मध्य अनुबन्ध-पत्र निष्पादित किया गया है। अनुबन्ध के अनुसार नैनी झील, किरतपुर में कयाकिंग एवं कैनोइंग प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन 21 सितम्बर 2026 से 31 अक्टूबर 2028 तक किया जाएगा। निर्धारित अवधि में प्रथम पक्ष द्वारा नैनी झील, किरतपुर में ऐसी कोई अन्य गतिविधि संचालित नहीं की जाएगी, जिससे कयाकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षण, प्रशिक्षणार्थियों की सुरक्षा अथवा प्रशिक्षण व्यवस्था में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न हो। साथ ही, प्रथम पक्ष द्वारा निर्धारित अवधि के मध्य प्रशिक्षण कार्य को जानबूझकर बाधित नहीं किया जाएगा तथा झील का उपयोग एकतरफा रूप से बंद नहीं किया जा सकेगा।प्रशिक्षण का संचालन जिला खेल कार्यालय द्वारा नामित श्री फिरोज खान, कयाकिंग-कैनोइंग प्रशिक्षक (अंशकालिक मानदेय प्रशिक्षक) द्वारा किया जाएगा। प्रशिक्षण का समय प्रातः 05:00 से 09:00 बजे तथा सायं 03:00 से 07:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। नैनी झील में प्रशिक्षण केन्द्र के संचालन से जनपद के खिलाड़ियों को कयाकिंग एवं कैनोइंग का नियमित प्रशिक्षण उपलब्ध होगा तथा इस खेल को बढ़ावा मिलेगा।

# विहिप के नगर सत्संग प्रमुख नंदलाल पाल का आकस्मिक निधन



**नगीना ( चिंगारी )।** विश्व हिंदू परिषद के नगर सत्संग प्रमुख नंदलाल पाल (54 वर्ष) के आकस्मिक निधन पर उनके शुभ चिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और परिजनों के अनुसार संभवतः हृदयाघात से उनकी मृत्यु हुई। बुधवार की दोपहर विश्नोई सराय स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। पुत्र शिवम ने मुखाग्नि दी। भाजपाए संघ और विहिप कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। नंदलाल पाल विशेष प्रतिभा के धनी थे। वह संगीतए गायनए नृत्य और मिमिक्री में सक्रिय रहे। दशकों पहले वह हलचल म्यूजिकल सोसायटी से जुड़े और बाद में मुंबई जाकर फिल्मों में भी काम किया। उनके निधन पर पूर्व सांसद मुंशीरामए विहिप के जिला उपाध्यक्ष शीतल अग्रवालए प्रदीप गर्गए हलचल म्यूजिकल सोसायटी की अध्यक्ष डॉ. अंजू विश्नोईए निदेशक सुशील गुप्ता, नंद किशोर, चंद्रशेखर पाल आदि ने शोक जताया है।

# विवाहिता पर फावड़े से किया प्रहार पति व ससुर पर दर्ज हुई एफआईआर

**नूरपुर ( चिंगारी )।** नगीना के मोहल्ला विश्नोई सराय निवासी राजपाल सिंह पुत्र डालचंद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन सुनीता की शादी नूरपुर क्षेत्र के गांव ठेरी निवासी जोगिंदर पुत्र नौबहार सिंह के साथ हुई थी।युवक के कहना है कि जोगिंदर नशे का आदी है तथा सुनीता के साथ मारपीट कर उसका शारीरिक उत्पीड़न करता था।तथा उससे भी आये दिन रूपये की मांग करता रहता है। आरोप है कि गत 11सितम्बर की सुबह करीब 5 बजे सुनीता घर पर काम कर रही थी कि जोगिंदर ने अपने पिता नौबहार के उकसाने पर धारदार फावड़े से सुनीता पर हमला कर दिया। हमले में सुनीता के सिर, कंधे व पैर पर खुली गहरी गम्भीर चोट लगी है जिस कारण सुनीता मौके पर ही बेहोश हो गयी थी। आसपास के लोगों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विवाहिता के पति व ससुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान के तहत यात्रियों को किया गया जागरूक

## डस्टबिन अब दो नहीं चार का गूंजा नारा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों एवं आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना व पर्यावरण संरक्षण में उनका सहयोग सुनिश्चित करना था। अभियान के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा यात्रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के घातक प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आमजन से अपील की गई कि वे दैनिक जीवन व यात्रा के दौरान प्लास्टिक की बोतलों व थैलियों का उपयोग पूरी तरह बंद करें। इसके विकल्प के रूप में पर्यावरण के अनुकूल (इको-फ्रेंडली) बोतलों व जूट या कपड़े के थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया। यात्रियों को कचरे के सही निस्तारण के लिए चार अलग-अलग प्रकार के कूड़ेदानों के उपयोग व उनके महत्व के बारे में समझाया गया ताकि गीले, सूखे, खतरनाक व पुनर्चक्रण योग्य कचरे को अलग-अलग रखा जा सके। जागरूकता को एक आंदोलन का रुप देने के लिए रेलवे कर्मचारियों ने यात्रियों के साथ मिलकर स्टेशन परिसर में डस्टबिन अब दो नहीं चार का गगनभेदी नारा लगाया। इस नारे के माध्यम से संदेश दिया गया कि अब कचरा प्रबंधन के पारंपरिक तरीकों को बदलकर आधुनिक व वैज्ञानिक तरीकों को अपनाना बेहद जरूरी है। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक आरडी मीना, वाणिज्य निरीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा, विपुल कुमार सहित भारी संख्या में यात्रियों व स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्टेशन को स्वच्छ व प्लास्टिक-मुक्त बनाने का संकल्प लिया।




# राहुल कुमार को मिला Employee of the Month सम्मान

## उत्कृष्ट कार्य और बेहतर सेवाओं के लिए पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल ने किया सम्मानित

**बिजनौर ( चिंगारी )। पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल में कर्मचारियों के उत्कृष्ट समर्पण और बेहतर सेवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 23 सितंबर को Employee of the Month सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

समारोह में अगस्त 2026 के दौरान अपने कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मार्केटिंग टीम के पीआरओ राहुल कुमार को Employee of the Month पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हॉस्पिटल के चेयरमैन हरीश कुमार मित्तल ने उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनके कार्य की सराहना की। इस अवसर पर चेयरमैन हरीश कुमार मित्तल ने कहा कि कर्मचारियों की मेहनत, जिम्मेदारी और मरीजों के प्रति समर्पण अस्पताल की बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे सम्मान से कर्मचारियों का उत्साह बढ़ता है और अन्य कर्मचारियों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। समारोह में पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल के मैनेजर




एचआर एंड एडमिन अनिकेत शर्मा, प्रबंधक वीरेंद्र कुमार, सीनियर मार्केटिंग मैनेजर सीपी सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## सार संक्षिप्त

### मुगलूशाह में प्रभावशाली व्यक्तियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मोहल्ला मुगलूशाह में खालिद पेशकार के निवास पर प्रभावशाली व्यक्तियों के उन्मुखीकरण हेतु एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में टीकाकरण को सुदृढ़ करने तथा टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों को टीके की खुराक दिलाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों एवं ड्यू डोज की सूची प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ साझा की गई। इस अवसर पर डॉ. अहद, मसरूर अहमद राशन डीलर, खालिद पेशकार, कांग्रेस नेता अमजद सिद्दीकी, सीमा शर्मा, चबज,,हंअप नगमा आशा, अहमद अली सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन वरिष्ठ नागरिक विनोद कुमार ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक उत्तर प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक कामराजपुर सोनू सिंह ने सरकार से मिलने वाली प्रत्येक सुविधा के बैंक के माध्यम से मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। हेमंत राजपूत ने शाखा प्रबंधक सोनू सिंह, विनीत कुमार व रवि कुमार का माल्यार्पण कर स्वागत किया। भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, आचार्य उदयवीर सिंह, प्रीतम सिंह, युग्रिश कुमार, कोमल सिंह, सुरेश कुमार, विनोद कुमार, यशपाल सिंह, मैन पाल सिंह, शिवि राजपूत, मिट्ठन सिंह राजपूत, रमेश कुमार, सुधीर कुमार, जुगेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### युवाओं में नशे की आदत समाज को दीमक की तरह चाट रही

नजीबाबाद (चिंगारी)। रमा जैन कन्या महाविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए नशा मुक्त समाज की स्थापना हेतु दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेविकाओं द्वारा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम अग्रवाल के दिशा निर्देशन में स्लोगन लिखे गए। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए नशा मुक्त भारत पहली शर्त है। आज युवाओं में विभिन्न प्रकार के नशो का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। यह आदत समाज को दीमक की तरह अंदर ही अंदर चाट रही है। नशे की आदत युवाओं की कार्य क्षमता को प्रभावित तो करती है। साथ ही उनकी रचनात्मकता को भी समाप्त कर देती है। जिस देश का युवा जितना ही सृजनात्मक होगा उसे देश का विकास उतनी ही शीघ्रता से होगा। छात्राओं में अपने स्लोगनों के माध्यम से सभी को यही संदेश दिया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. मृदुला त्यागी व निदेशक डॉ केसी मठपाल ने दिशा निर्देशन प्रदान किया। कार्यक्रम में अनम, शगुन, झलक, वंशिका, शिफा, सानिया, सामिया, इमरोज, आफिया, अर्शी, नैना, मुस्कान, रेनू, सलीहा, सनोबी आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### सपा-कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर बढ़ी खींचतान

**सहारनपुर ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीटों के बंटवारे का मुद्दा पश्चिमांचल में चर्चा का विषय बनने लगा है। सहारनपुर मंडल के दो प्रभावशाली मुस्लिम सांसद इमरान मसूद और इकरा हसन के अलग-अलग दावों से दोनों दलों के बीच सीट हिस्सेदारी को लेकर संभावित खींचतान के संकेत मिल रहे हैं। सहारनपुर में दो सितंबर को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के दौरे के दौरान भी गठबंधन के समीकरणों को लेकर चर्चा हुई थी। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद का कहना है कि उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में अल्पसंख्यकों, दलितों, पिछड़ों और युवा वर्ग में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकप्रियता बढ़ी है और इसका असर चुनाव में मतदान के रूप में दिखाई देगा। कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की छह सीटों पर जीत दर्ज की थी। दूसरी ओर कैराना की सपा सांसद इकरा हसन ने कहा है कि प्रदेश की जमीनी हकीकत सपा और उसके नेता अखिलेश यादव के पक्ष में मजबूत है। उनका कहना है कि समाजवादी पार्टी अपने बूते चुनाव लड़कर भी सरकार बना सकती है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी के बीच आपसी समझ के चलते दोनों दल मिलकर चुनाव लड़ेंगे और सीट बंटवारे का फैसला दोनों शीर्ष नेताओं पर छोड़ दिया जाना चाहिए। श्री अखिलेश यादव पहले ही कह चुके हैं कि वह सहयोगी दलों को पूरा सम्मान और पर्याप्त तवज्जो देंगे।

# 30 लाख दीपों से जगमगाएगी अयोध्या

## 2,100 ड्रोन शो बढ़ाएगा दीपोत्सव का आकर्षण

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** अयोध्या में दीपोत्सव-2026 को इस बार और भव्य एवं नवाचारपूर्ण बनाने की तैयारी है। आयोजन में करीब 30 लाख दीप जलाए जाएंगे, जबकि 2,100 ड्रोन शो, 3डी प्रोजेक्शन, लेजर शो और म्यूजिकल ग्रीन फायरवर्क्स प्रमुख आकर्षण होंगे।

दीपोत्सव की तैयारियों में आम लोगों और युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्बत्तश1 यूपी के माध्यम से सुझाव भी आमंत्रित किए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य अमृत अभिजात के साथ दीपोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि युवाओं को आयोजन से सक्रिय रूप से जोड़ा जाए और उन्हें प्रदेश की सांस्कृतिक परंपराओं का वाहक और संवाहक बनाया जाए। बैठक में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधाओं, शहर की सजावट, सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई।



बैठक में अयोध्या की सड़कों और सरयू तट को रामायण आधारित सजावट से सजाने तथा देश-विदेश से लोगों की भागीदारी बढ़ाने की योजना पर चर्चा हुई। ड्रोन शो दीपोत्सव के दिन के साथ दो दिन बाद होने वाले जमघट में भी आयोजित करने का प्रस्ताव है, ताकि स्थानीय लोगों और पर्यटकों को इसे दोबारा देखने का अवसर मिल सके।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजन की पहुंच बढ़ाने के लिए विभिन्न देशों के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रियों अथवा उनके प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने की योजना है। इसके अलावा 30 से अधिक देशों में भारतीय दूतावासों और राजदूतों के माध्यम से प्रवासी भारतीयों को दीपोत्सव में आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में धर्मपथ पर रामायण आधारित 10 प्रवेश द्वार बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। अयोध्या आने वाले प्रमुख मार्गों पर तीन अन्य रामायण द्वार बनाए जाने की योजना है, जिनमें सुल्तानपुर और रायबरेली मार्ग भी शामिल हैं। सरयू में पुष्पक विमान का स्थायी स्वरूप वाला इंस्टॉलेशन लगाने का प्रस्ताव भी रखा गया है। दीपोत्सव के दौरान 2,100 से अधिक बटुकों द्वारा सामूहिक सरयू आरती, 240 से अधिक मंदिरों और मठों में दीप प्रज्वलन तथा उद्योग एवं व्यापार संगठनों के सहयोग से 25 प्रमुख चौराहों को सजाने की योजना है। भरत मिलाप और भगवान राम के प्रतीकात्मक राज्याभिषेक को भी कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। पिछले वर्ष 100 बच्चों की भागीदारी वाली वानर सेना को इस बार और विस्तारित करने की योजना है। संग्रहालय परिसर में डिजिटल रामायण, राम वन गमन मार्ग पर आधारित मूर्तियां, राम थीम वाला बाजार तथा पुस्तकों और चित्रों की प्रदर्शनी लगाने की तैयारी है। श्रीराम की वैश्विक यात्रा नाम से विशेष प्रस्तुति भी प्रस्तावित है।

# बिजनौर के शादाब रहमानी की अगुवाई में एनडीआरएफ ने जीता इंटर-जोनल स्विमिंग खिताब

## 7 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक के साथ 02वीं वाहिनी एनडीआरएफ ने हासिल किया प्रथम स्थान

बिजनौर (चिंगारी)। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) की इंटर-जोनल स्विमिंग प्रतियोगिता-2026 में बिजनौर निवासी इंस्पेक्टर मोहम्मद शादाब रहमानी की अगुवाई में 02वीं वाहिनी एनडीआरएफ कोलकाता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। नई दिल्ली के छावला स्थित 25वीं वाहिनी बीएसएफ के स्विमिंग पूल में आयोजित प्रतियोगिता में एनडीआरएफ के चार जोनों की टीमों ने प्रतिभाग किया। 02वीं वाहिनी की टीम ने कुल 11 स्पर्धाओं में 7 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य पदक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 13वीं वाहिनी एनडीआरएफ की टीम उपविजेता रही।



बिजनौर के मोहम्मद शादाब रहमानी ने विजेता टीम का नेतृत्व किया। टीम की सफलता पर 02वीं वाहिनी एनडीआरएफ के कमांडेंट मनीष रंजन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पहले अंतर-वाहिनी तैराकी प्रतियोगिता में भी 02वीं वाहिनी ने 9 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया था। एनडीआरएफ के लिए तैराकी दक्षता जल आपदा के दौरान बचाव एवं राहत कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# क्षेत्रीय पदाधिकारियों का स्वागत किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के होटल कान्हा पैलेस, में संभावित प्रत्याशी विधानसभा 17 कान्हा आकाश कर्णवाल के द्वारा भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के नवनियुक्त क्षेत्रीय पदाधिकारियों के सम्मान में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अतुल रोहिल्ला एड. भाजपा के निवर्तमान महामंत्री द्वारा किया गया। समारोह के दौरान भाजपा के नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, राजीव सिसौदिया, क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती हरजिंदर कौर, जिला महामंत्री बलराज त्यागी का भगवान गणेश की प्रतिमा, पुष्पगुच्छ एवं पटका पहनाकर सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। इसके साथ ही विधानसभा नजीबाबाद के चारों मंडल अध्यक्षों कमल सैनी, वरुण आत्रेय, नकुल अग्रवाल एवं भूपेंद्र राजपूत को भी भगवान गणेश की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कान्हा आकाश कर्णवाल ने सभी नवनियुक्त क्षेत्रीय पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन को नई दिशा, मजबूती एवं गति प्राप्त होगी।



इस अवसर पर सुबोध पाराशर पूर्व एमएलसी, सुधीर भुईयार, कुलवीर चौहान एड., मोनिका यादव, इंदु राजपूत, मनीषा सैनी, अंकित राजपूत, राजीव प्रजापति, योगेश राजपूत, दुष्यंत कुमार, ठाकुर राजकिशोर, नमन गुप्ता, राजकुमार प्रजापति, शोभित मित्तल सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# गणेश मंदिर में लीना सिंघल व सीए शिवम ने सपरिवार किया पूजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला दरबाराशाह स्थित श्री सिद्धि विनायक मंदिर में 42 वें गणपति महोत्सव के दसवें दिन प्रात:कालीन पूजा के मुख्य यजमान लीना सिंघल व सीए शिवम एवं उनके परिवार जनों को पंडित जितेंद्र डबराल व पंडित संजय डबराल ने पूरे विधि विधान से स्थापित गणपति की पूजा अर्चना कराकर बप्पा को भोग लगाया कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को पंडित जितेंद्र डबराल ने कहा कि भगवान गणपति उत्सव अपने भगवान गणपति को विराजमान किए हुए 9 दिन की यात्रा पूर्ण करके 10 वें दिन में प्रवेश कर गया है। भगवान गणपति से प्रार्थना है कि वह सब के विघ्नों का हरण करके सभी को सुख शांति व समृद्धि प्रदान करे। इस अवसर पर



श्री गणेश चौथ महोत्सव समिति के संरक्षक चौधरी कुलबीर सिंह, विवेक अग्रवाल, अध्यक्ष राजीव अग्रवाल राजू, उपाध्यक्ष लोकेश कुमार गोयल, संदीप तायल, रचित अग्रवाल, राजन टंडन गोल्डी, मंत्री रविंद्र चौहान, प्रचार मंत्री डॉ. एसके जौहर, कार्यक्रम संयोजक आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विनय कौशिक, प्रबंधक डॉक्टर राजीव अरोड़ा, डॉ राहुल वर्मा, मटकी प्रभारी शैलेंद्र चौधरी एड., दीपक भारद्वाज, अरुण पाटिल, नवनीत वर्मा, शिवांशु तायल, अभिषेक कौशिक, नीतीश सिंघल, राजेश तागरा, अमित पाटिल व पंकज अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष को सम्मानित किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता रितेश सैन ने भाजपा पिछड़ा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पाल से भेंट कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए सम्मानित कर नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान संगठन को मजबूत करने, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के बीच जनसंपर्क बढ़ाने तथा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। रितेश सैन ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ फिर बनेगी। प्रकाश पाल ने कहा कि अति पिछड़ा वर्ग भाजपा के साथ मजबूती से खड़ा है, कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ जनता के बीच रहकर संगठन को मजबूत करने तथा जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।**

# गणपति बप्पा के जयकारो से गूंजा चौक बाजार

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के चौक बाजार में चल रहे श्री गणेश चौथ महोत्सव पर बुधवार की सुबह मुख्य यजमान के रूप में भाजपा नेता लवी अग्रवाल ने अपने परिवार के साथ भगवान गणपति की विशेष पूजा अर्चना की। इस अवसर पर भगवान गणपति को सर्वप्रिय मोदक का भोग लगाया गया। होली हवन कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित 12 वें गणपति महोत्सव की नोवें दिन की संध्याकालीन आरती के मुख्य यजमान कपिल राजपूत रहे। जबकि बुधवार की प्रात: कालीन आरती यजमान लवी अग्रवाल पटाखे वाले के द्वारा की गई। पंडित चेतन शर्मा ने पूरे विधि विधान से गणपति की पूजा अर्चना कराकर भगवान गणपति को भोग लगाया। विद्वान पंडित ने उपस्थित श्रद्धालुओं को बताया कि जिन व्यक्तियों ने अपने घर पर भी भगवान गणपति की स्थापना की है वो सभी इस बात पर विशेष ध्यान दें कि गणपति की सूंड बाई ओर होनी चाहिए। ये खुशी व सफलता का प्रतीक है। पूजा करते समय उनके समक्ष मोदक रखना सर्वश्रेष्ठ होता है। मोदक भगवान गणपति जी का प्रिय भोग है, इस भोग को पाकर गणपति जी प्रसन्न हो जाते हैं और मन चाहा वरदान प्राप्त होता है। इस मौके पर शिवम अग्रवाल, आयोजक राजीव ग्रोवर, अरुण शर्मा काके, दीपक शर्मा दीपू, अंकित चौधरी, अंकित वर्मा, राजन टंडन गोल्डी, श्रीकांत पाटिल, अनुज अग्रवाल, अनुज कौशिक, मयंक शर्मा, महेन्द्र वर्मा, विजय शर्मा, अजय वर्मा, सुनील पाटिल, निखिल अगवाल, लक्ष्य शर्मा, उमंग, प्रियांशु, पीयूष आदि का विशेष सहयोग चल रहा है। पूजन के चलते नगर का वातावरण गणेशमय बना हुआ है। महोत्सव का लाइव कवरेज कौशिक स्टूडियो द्वारा किया जा रहा है।



# गणपति प्रतिमा को डोले में बैठाकर भव्य झांकी निकाली गईं

## एसडीएम-सीओ व किसान नेता बाबूराम तोमर ने की प्रतिमा विसर्जन पूजा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला भवन में गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में आठवें वर्ष लघु केदार शिव धाम व माता संतोषी दुर्गा देवी मंदिर के मध्य प्रांगण में स्थापित विघ्न विनायक गणेश प्रतिमा के दसवें दिन गणपति प्रतिमा विसर्जन पूजा हुई। गणेश महोत्सव के अंतर्गत पंडित अनिल ध्यानी व पंडित सचिन अगस्त्य एवं पंडित चंद्रमोहन जखमोला के निर्देशन में मुख्य यज्ञमान एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीओ सुनील कुमार सिंह व भाकियू प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर, गणपति सेवा समिति के अध्यक्ष रिंकू कुशवाह, सौरभ शर्मा, उमेश सैनी आदि ने विधि विधान से गणपति प्रतिमा विसर्जन पूजन कराकर विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद एसडीएम व सीओ को संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समिति पदाधिकारियों एवं जनसमूह द्वारा गणपति प्रतिमा को डोले पर बैठाकर भव्य झांकी निकाली गईं। जिसकी शुरुआत में संतोषी माता मंदिर के गेट पर बंधी पहली मटकी फोड़ कर की गई। फिर डीजे की थाप पर गणपति के भजनों पर उपस्थित सभी भक्तों के साथ महिला भक्तों ने भी खूब डांस किया। झांकी देखने आए नगरवासियों को संस्था की तरफ से प्रसाद वितरण भी किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष रिंकू कुशवाह, तरुण राजपूत, योगेश, रिशु, राजू कुशवाह, सोनू कुशवाह, सर्वेश लोधी, रोहित कुशवाह, देव ध्यानी, अनमोल लोधी, अंश लोधी, राजा सैनी, सौरभ कुशवाह, कमल सैनी आदि ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आना, के उद्घोष के साथ गणपति प्रतिमा के विसर्जन में सुरक्षा की दृष्टि से तैनात पुलिस बल की मौजूदगी में मालन नदी में विसर्जन किया।






# आयुर्वेद दिवस पर मर्म चिकित्सा कार्यशाला आयोजित

**बिजनौर ( चिंगारी )।** 11 वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में कृष्णा आयुर्वैदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल, बिजनौर में आयुष विभाग द्वारा वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन एवं नीमा बिजनौर के सहयोग से मर्म चिकित्सा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. विनोद जोशी ने मर्म चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रोगियों पर लाइव डेमोस्ट्रेशन भी दिया। डॉ. विमल कुमार ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयुष विभाग के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. रंजन वर्मा ने आयुर्वेद दिवस की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए लोगों से आयुर्वेद को अपने जीवन में अपनाने और इसके प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम में कृष्णा आयुर्वैदिक कॉलेज एंड हॉस्पिटल की प्राचार्य डॉ. आरती गुप्ता, कृष्णा कॉलेज के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, वर्ल्ड आयुष फाउंडेशन बिजनौर के अध्यक्ष डॉ. संजीव तोमर, सचिव डॉ. मोहम्मद दानिश, प्रांतीय आयुर्वैदिक एवं यूनानी सेवा संघ बिजनौर के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार सहित जनपद के आयुष चिकित्सा अधिकारी, अन्य आयुष चिकित्सक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता एवं डॉ. रश्मि ने किया।



### विद्यार्थियों ने निकाली जनजागरूकता रैली

आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से कृष्णा आयुर्वैदिक कॉलेज के विद्यार्थियों ने जनजागरूकता रैली निकाली। इसके साथ ही योग एवं ध्यान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद बिजनौर के विभिन्न स्कूलों में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षकों ने योगी अनंत योग प्राकृतिक चिकित्सा संस्था के सहयोग से योग एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किए। कार्यक्रम में डॉ. सुलेमान, डॉ. अरशद ज़ैदी, डॉ. इमरान, डॉ. परवेज़, डॉ. अयूब, डॉ. शकील हाशमी, डॉ. एहतेशाम, डॉ. मीतुकांत, डॉ. जाफ़िर, डॉ. फ़हाद एवं डॉ. फ़ैज़ान आदि ने भी भाग लिया।



**भली लगे या बुरी...**

# इन पर रोक लगाना जरूरी!

अश्लील वेबसाइट्स पर रोक लगाना अत्यंत जरूरी है। यह लगी भी है, पर व्यावहारिक नहीं है। घर-घर में पहुंच बना चुकी यह आपत्तिजनक सामग्री बच्चों के दैहिक शोषण के अलावा महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों का भी बड़ा कारण है। खासकर युवाओं के मनोविज्ञान को विकृत कर उसे नकारात्मक दिशा देने में इन पोर्न साइट्स की बड़ी भूमिका है। देशभर में इंटरनेट के जरिए आपत्तिजनक सामग्री को प्रसारित करने और उसे साझा किये जाने के हालात चिंताजनक हैं। पिछले साल 245 साइबर अपराधों में 55 प्रतिशत सिर्फ केरल राज्य में हुए हैं। यह विडंबना ही है कि देश का सबसे साक्षरता वाला राज्य केरल इंटरनेट पर पोर्न अपलोड करने में भी सबसे आगे है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय अपराध रिकॉ र्ड ब्यूरो के आंकड़े बताते हैं कि पूरे देश में इंटरनेट पर अश्लील सामग्री से जुड़े 496 मामलों में से 136 केरल से थे। एक अनुमान के मुताबिक, देश में तकरीबन 386 पोर्न साइट्स हैं, जिन्हें करोड़ों लोग प्रतिदिन सर्च करते हैं। इस समस्या को लेकर दायर की गई याचिका के अनुसार मौजूदा समय में बाजार में बीस करोड़ से भी अधिक अश्लील वीडियो और क्लिपिंग आसानी से उपलब्ध हैं। चाइल्ड पोर्न सबसे तेजी से विस्तार पाने वाला व्यवसाय बन गया है। बढ़ती समस्या और समाज की उपेक्षित भूमिका भारत में बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के आंकड़े बढ़ते ही जा रहे हैं। यहां कई तरह से बच्चों के अधिकारों का हनन होता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किए गए अध्ययन नेशनल स्टडीज ऑन चाइल्ड एब्यूज के अनुसार, भारत में 53.22 फीसदी से ज्यादा बच्चों का किसी न किसी रूप में यौन शोषण होता है। बाल यौन अत्याचार के जितने मामले रिपोर्ट किए जाते हैं, इनकी संख्या उससे कहीं अधिक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्डस ब्यूरो के अनुसार, तकनीकी माध्यमों का प्रयोग करते हुए इंटरनेट पर डाली जाने वाली अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री में हाल के वर्षों में शतप्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। भारत में रोज बलात्कार के 92 मामले दर्ज होते हैं। इन घटनाओं में 50 प्रतिशत किशोरों द्वारा अंजाम दिए जाते हैं। महिलाओं के साथ होने वाले यौन अपराधों में किशोरों के संलिप्त होने का बड़ा कारण इंटरनेट जैसे माध्यम पर बेरोकटोक मिलने वाली आपत्तिजनक सामग्री भी है। यौन दुराचार के कई वीभत्स मामलों की जांच में सामने आता है कि इसकी दुष्प्रेरणा अपराधियों ने इंटरनेट पर उपलब्ध अश्लील सामग्री से ली है। आभासी दुनिया में परोसी जा रही अश्लीलता वास्तविक संसार में आक्रामक और दूषित मानसिकता को बढ़ावा दे रही है।

# फ़सल मूल्य वृद्धि में उपभोक्ता किसान का डर!

भारतीय कृषि नीति में अक्सर यह मांग उठती है कि सरकार फसलों के दाम अत्यधिक क्यों नहीं बढ़ा देती? लेकिन अर्थशास्त्र का गणित और राजनीतिक इतिहास इसके विपरीत एक गंभीर सच्चाई बयां करते हैं। सरकारें चाहकर भी फसलों की कीमतें बेलगाम नहीं बढ़ा सकतीं, क्योंकि कोई भी लोकतांत्रिक सरकार अपने राजनीतिक अस्तित्व को दांव पर नहीं लगाना चाहती। भारत का इतिहास गवाह है कि जनता अन्य मुद्दों को बर्दाश्त कर सकती है, लेकिन रसोई की महंगाई को कभी बर्दाश्त नहीं करती। प्याज, टमाटर और चीनी जैसी बुनियादी वस्तुएं भारतीय राजनीति में तख्ता पलट करने की ताकत रखती हैं। 1980 के लोकसभा चुनाव और 1998 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्याज की आसमान छूती कीमतों ने तात्कालिक मजबूत सरकारों को सत्ता से बेदखल कर दिया था। शहरी नागरिकों के साथ-साथ भारत का हर किसान अंततः खुद एक उपभोक्ता भी है। भारत के 86 प्रतिशत से अधिक किसान छोटे और सीमांत श्रेणी में आते हैं, जिनके पास दो हेक्टेयर से कम ज़मीन है। इन लघु कृषकों की सबसे बड़ी हकीकत यह है कि खेतों का आकार छोटा होने के कारण इनके पास बेचने के लिए अधिशेष न के बराबर होता है। वे केवल वही फसल थोड़ी मात्रा में बचा पाते हैं, जो उनके स्थानीय क्षेत्र में बोई जाती है, बाकी जीवनयापन की तमाम वस्तुएं (जैसे दूसरी दालें, तेल, चीनी और सब्जियां) उन्हें भी बाजार से ही नकद खरीदनी पड़ती हैं। सरल शब्दों में देश का 86 प्रतिशत किसान फसल बेचने वाला नहीं, बल्कि बाजार से फसल खरीदने वाला उपभोक्ता भी है, इसलिए जब भी खाद्य फसलों के दाम बढ़ते हैं तो उन पर भी आम अन्य उपभोक्ता की तरह प्रभाव पड़ता है। अधिसंख्य किसान दो-तीन फसलें ही उगाते हैं, बाकी सब खाद्य पदार्थ बाजार से खरीदते हैं। यही कारण है कि खाद्य पदार्थों की ये महंगाई अनेक बार सरकारों के पतन का कारण बन जाती है। इस विरोधाभास को देश की दो मुख्य फसलों के आंकड़ों से समझा जा सकता है। देश में व्यावसायिक रूप से



धान बेचने वाले सक्रिय किसानों की संख्या मुश्किल से 3 करोड़ (करीब 15 करोड़ की आबादी) है, जबकि देश में इसके खरीदार 125 करोड़ से ज्यादा हैं, जिनमें 10 करोड़ से अधिक छोटे किसानों के परिवार भी शामिल हैं। इसी प्रकार, गन्ना उगाने वाले किसानों की संख्या लगभग 1 करोड़ (आबादी 5 करोड़) है, जबकि चीनी खरीदने वाले उपभोक्ता 135 करोड़ से अधिक हैं। साफ है कि जब सरकार एक या तीन करोड़ उत्पादक किसानों को खुश करने के लिए दाम बढ़ाती है, तो चीनी और चावल महंगे होने से देश के अन्य 10 करोड़ से ज्यादा छोटे किसान परिवार व अन्य बहुसंख्यक उपभोक्ता सीधे तौर पर आर्थिक रूप से प्रभावित होते हैं। यही कारण है कोई भी लोकतांत्रिक सरकार अपने राजनीतिक अस्तित्व को दांव पर नहीं लगाना चाहती। सरकारों को अच्छी तरह पता है कि गन्ने या धान के बड़े उत्पादक किसान केवल दो-तीन करोड़ हैं, लेकिन दाम बढ़ने से त्रस्त होने वाले उपभोक्ताओं (छोटे किसानों और मजदूरों) की संख्या 125 करोड़ से अधिक है। यही कारण है कि कीमतें बढ़ते ही सरकारें तुरंत निर्यात पर प्रतिबंध लगा देती हैं या विदेशों से आयात शुरू कर देती हैं। यह उन किसानों को भले ही प्रभावित करे जो इस फसल की खेती करते हैं, परन्तु अन्य कृषक की मांग तो कीमत कम करने की ही रहती है। हर राजनीतिक दल का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करने का है, तो वह ऐसे कदम क्यों उठाएगी, जिससे उसकी सरकार ही दांव पर लग जाए, जहां सरकार ने विदेशों से आयात होने वाले तेल व दाल को कम करने के लिए तिलहनी व दलहनी फसलों की कीमतों को बढ़ाकर कृषि विविधीकरण को व प्राकृतिक/जैविक खेती को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है, वहीं किसान को भी प्रयास करना होगा इस कुचक्र से निकलने के लिए। कृषि विविधीकरण को अपनाते हुए अपने दैनिक उपभोग में प्रयोग होने वाली खाद्य वस्तुओं का अपने उपभोग के लिए उत्पादन अपने खेत में थोड़ी जगह आरक्षित करके करना होगा, ताकि कम से कम पैसा इस मद में खर्च करना पड़े, साथ ही कृषि लागत को कम करना होगा। हकीकत यह है कि फसलों की मूल्य वृद्धि में सरकार को जितना आम उपभोक्ता का डर रहता है, उतना ही किसान उपभोक्ता का भी डर रहता है और इसी बड़े रिस्क (जोखिम) को लेने से हर सरकार बचती है।

**योगी, बिजनौर**

# बेहाल पंजाब और भ्रम में मान सरकार

पंजाब में विधानसभा चुनाव निकट हैं और सभी राजनीतिक दल सक्रिय हो चले हैं। प्रदेश में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी चुनाव को लक्ष्य मानकर घोषणाओं और तोहफों की झड़ी लगा रही है। परंतु विगत चार वर्षों का लेखा-जोखा इन घोषणाओं से अधिक महत्वपूर्ण है। इस अवधि में किसानों की आत्महत्या, सरकारी कर्मचारियों की स्थिति, व्यापारियों और उद्योगपतियों की कठिनाइयां तथा मजदूरों पर हुई पुलिस कार्रवाई जैसे प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं। जनता की स्मृति इतनी क्षीण नहीं है, जितनी सत्ता पक्ष मान रहा है। वर्तमान में पंजाब दोहरी चुनौती से जूझ रहा है- नशा और भ्रष्टाचार। भू-माफिया, शराब माफिया और संगठित अपराध के बढ़ते प्रभाव के आरोप लग रहे हैं। नशे की अधिक मात्रा से युवाओं की मृत्यु की घटनाएं चिंताजनक हैं। यह स्थिति कानून-व्यवस्था और सामाजिक स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर संकेत हैं।

दूसरी बड़ी चुनौती बिजली संकट है। प्रदेश में लंबे विद्युत कटौती से औद्योगिक उत्पादन और बाजार प्रभावित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 16 घंटे तक बिजली न रहने की शिकायतें हैं। सरप्लस बिजली के दावे और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर सरकार की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाता है। आर्थिक मोर्चे पर भी स्थिति उत्साहजनक नहीं है। आवश्यक वस्तुओं की मूल्यवृद्धि, कृषि संकट और बेरोजगारी ने आमजन को प्रभावित किया है। एक अनुमान के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत किसान खेती के अतिरिक्त विकल्प तलाशने को विवश हैं। प्रदेश में नये उद्योगों का अभाव और पुराने उद्योगों का पलायन औद्योगिक नगरी लुधियाना सहित पूरे राज्य के लिए चिंता का विषय है।

मान सरकार ने सत्ता में आते ही छह मेडिकल कॉलेज खोलने का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हो सका। अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी, सड़कों और सीवरेज प्रणाली की जर्जर स्थिति विकास के दावों को कठघरे में खड़ा करती है। वित्तीय प्रबंधन के मोर्चे पर भी सरकार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की टिप्पणियों का सामना करना पड़ा। आज पंजाब में कानून-व्यवस्था, नशा, बेरोजगारी और पलायन जैसे मुद्दे जनमानस में हैं। पढ़ा-लिखा युवा भी अपराध की ओर उन्मुख हो रहा है, यह सामाजिक चिंता का विषय है। सरकार यदि केवल विज्ञापन और घोषणाओं तक सीमित रही, तो दिल्ली के बाद पंजाब में भी उसे जनादेश की कसौटी पर कठिन परीक्षा देनी पड़ सकती है। पंजाब को चुटकुलों से नहीं, ठोस नीति और सुशासन से राह मिलेगी।

**-सुभाष आनंद**
(लेखक पंजाब के वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# पतंजलि आयुर्वेद गुरुकुलम का शुभारंभ



**हरिद्वार (चिंगारी)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पतंजलि वेलनेस योगग्राम, ग्राम औरंगाबाद, हरिद्वार में प्रथम पतंजलि आयुर्वेद गुरुकुलम के उद्घाटन समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा का प्रमुख केंद्र है। ऐसे में देवभूमि में पतंजलि आयुर्वेद गुरुकुलम का शुभारंभ भारत की गौरवशाली ज्ञान परंपरा को आधुनिक युग से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की गुरुकुल परंपरा हजारों वर्षों से ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण की आधारशिला रही है।

उन्होंने कहा कि 'सा विद्या या विमुक्तये' का भाव भारतीय शिक्षा परंपरा की मूल भावना रहा है। उन्हें विश्वास है कि पतंजलि आयुर्वेद गुरुकुलम भारतीय ज्ञान परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगा। सीएम धामी ने कहा कि गुरुकुलम में आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ योग, आयुर्वेद, भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों का समन्वय विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ेगा। साथ ही उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती दुनिया में गुरुकुल शिक्षा की प्रासंगिकता और बढ़ी है। आधुनिक ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन और संतुलित जीवनशैली की शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।

सीएम धामी ने कहा कि राज्य में विज्ञान, शोध और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। देहरादून में देश की पांचवीं साइंस सिटी विकसित की जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में साइंस एवं इनोवेशन सेंटर और वैज्ञानिक गतिविधियों के लिए आवश्यक संसाधन विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को पर्यटन के साथ-साथ ज्ञान, योग, आयुर्वेद और अध्यात्म के प्रमुख वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है।

# वर्धमान कॉलेज में हुई खेलकूद प्रतियोगिता



**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर के शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर प्रीति खन्ना के द्वारा आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय से लगभग 30 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में वर्धमान ए और वर्धमान बी दोनों टीमों के बीच मैच खेला गया। दोनों ही टीमों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद विभाग के इंचार्ज डॉ. जयदीप शर्मा, डॉ. कविता, डॉ. सोनल शुक्ला, डॉ. रेनू चौहान, डॉ. अंशु चौधरी, रजत शर्मा, दीपक कुमार, रोहित कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मैच के रैफरी रजत शर्मा एवं दीपक कुमार रहे। कार्यक्रम का संचालन विभाग के प्रभारी डॉ. जयदीप शर्मा ने किया।

# भाषण प्रतियोगिता में सफ़िया फ़ातिमा, पोस्टर में मनु वर्मा ने पाया प्रथम स्थान



**चांदपुर (चिंगारी)।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चांदपुर-स्याऊ में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'मेरे सपनों का भारत-विकसित भारत की संकल्पना' विषय पर भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा और विचारों का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिताओं में कड़े मुकाबले के बाद विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता में सफिया फातिमा ने अर्शी ने द्वितीय, अंशिका ने तृतीय एवं अलीशा ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में मनु वर्मा ने प्रथम, शुमाएला मलिक ने द्वितीय, बी.ए. पंचम सेमेस्टर की कु. सना परवीन ने तृतीय तथा कु. कलसुम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

प्राचार्या प्रो. साधना ने कहा कि ऐसे रचनात्मक आयोजनों से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है और उनमें सामाजिक दायित्वों के प्रति सजगता बढ़ती है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उदिता राजपूत ने किया। इस अवसर पर प्रो. अनिल वर्मा, प्रो. दिनेश सिंह व प्रो. अशोक कुमार आदि ने भी अपने विचार रखे।

प्रतियोगिता के उपरांत महाविद्यालय परिसर में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, बिजनौर के तत्वावधान में 11वां आयुर्वेद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर योग वैलनेस सेंटर (राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, चांदपुर) के योग प्रशिक्षक पुष्पेंद्र सिंह एवं आरोग्य मंदिर (राजकीय चिकित्सालय, उदयपुर-बिजनौर) के योग प्रशिक्षक अमित कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं व स्टाफ को विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया।

# चोरी की गाय के साथ दो गिरफ़्तार



**बढ़ापुर (चिंगारी)।** स्थानीय पुलिस ने गाय चोरी के एक मुकदमे का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा उनकी निशानदेही पर गाय भी बरामद कर ली है। दो दिन पूर्व स्थानीय मोहल्ला सत्तियान निवासी मौ. शाहिद ने थाने में तहरीर देकर गाय चोरी कर लिए जाने के संबंध में अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक विष्णु शर्मा द्वारा की जा रही थी। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर ग्राम तारापुर से गुलफाम पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी मोहल्ला बाजार और यासीन पुत्र रमजानी निवासी ग्राम तारापुर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चोरी हुई गाय भी बरामद कर ली गई है। गाय बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। पुलिस के अनुसार, आरोपी गुलफाम के खिलाफ थाना बढ़ापुर में पूर्व के कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, गौवध अधिनियम, पशु क्रूरता अधिनियम और अन्य धाराओं से संबंधित मुकदमे शामिल हैं।

# विद्युत विभाग के लेखाकार व संविदाकर्मी 15 हज़ार की रिश्वत लेते गिरफ़्तार

## मुरादाबाद से आयी एंटीकरप्शन टीम की कार्यवाही

**चांदपुर (चिंगारी)।** मुरादाबाद से आई एंटीकरप्शन टीम ने विभागीय बिल पास करने के नाम पर विद्युत विभाग के लेखाकार व संविदा कर्मी को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोच लिया। इस घटना से विद्युत कार्यालय में अफरातफरी मच गई। एंटीकरप्शन टीम रिश्वत लेते पकड़े गए लेखाकार व संविदा कर्मी के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराये जाने के लिए थाने में थे।

नगर के फीना रोड पर उर्जा निगम के अधिशासी अभियंता का कार्यालय है। अवधेश कुमार कार्यालय में लेखाकार पद पर कार्यरत हैं और कंप्यूटर आपरेटर के रूप में मोनू कुमार को आउट सोर्सिंग कर्मचारी के रूप में रखा हुआ है। लेखाकार के पास काफी समय से 43,870 रुपये का टीआई बिल भुगतान लंबित था। आरोप है कि लेखाकार बिल पास करने के लिए कस्बा के मुहल्ला काजीजाबाद निवासी अधीनस्थ कर्मचारी शिवम कुमार से 15 हजार रुपये की रिश्वत की मांग लेखाकार और संविदा



कर्मी द्वारा की गई थी। कई बार आग्रह के बाद भी बिल भुगतान न होने से परेशान होकर शिवम ने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन लखनऊ में की थी।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एंटी करप्शन मुरादाबाद टीम के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण अवतार को कार्रवाई के निर्देश दिये गये। एंटी करप्शन की टीम ने शिकायतकर्ता के साथ मिलकर आरोपी को गिरफ्तार करने का जाल बिछाया। बुधवार की दोपहर करीब तीन बजे प्रभारी निरीक्षक के साथ टीम अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंची। इस दौरान शिवम ने कक्ष संख्या-5 में बैठे लेखाकार को रुपये एंटी करप्शन टीम द्वारा पाउडर लगाकर दिये। अवधेश कुमार ने नोट पास बैठे मोनू को देने के लिए कह दिया। मोनू ने जैसे ही रुपये पकड़े वैसे ही एंटी करप्शन की टीम ने उन्हें दबोच लिया। उर्जा निगम कार्यालय में कानूनी कार्रवाई करने के बाद एंटी करप्शन टीम दोनों को थाने ले गई। टीम इंचार्ज कृष्ण अवतार ने 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते लेखाकार व आउट सोर्स कर्मचारी को गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि करते हुए स्थानीय थाने में रिपोर्ट दर्ज कराये जाने की बात कही है। थाने में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# बधिरों से बातचीत के लिए पुलिसकर्मियों को सिखाई गई सांकेतिक भाषा

## अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर पुलिस लाइंस में हुई एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

**बिजनौर (चिंगारी)।** बधिर व्यक्तियों से संवाद में पुलिसकर्मियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए एक दिवसीय सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। अंतरराष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यशाला में जिले के विभिन्न थानों से पहुंचे पुलिसकर्मियों को सांकेतिक भाषा के बुनियादी और व्यावहारिक तरीके सिखाए गए।

बुधवार को पुलिस लाइंस में अखिल भारतीय उत्तर प्रदेश बधिर संस्था के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को बधिर व्यक्तियों के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने के लिए तैयार करना और पुलिस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील एवं समावेशी बनाना रहा।




अखिल भारतीय उत्तर प्रदेश बधिर संस्था के प्रशिक्षकों विवेक राणा, शिवम कुमार, शांतनु, अरविंद, सुमित सिंह, विशाल राजपूत, अंकित कुमार, मौ. सालिक, सांची राणा, अमन सिंह, अनस फरीदी, जुनैद, पूजा सिंह, विनिता चौधरी, वर्णिका और रिया ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सांकेतिक भाषा का प्रशिक्षण दिया।

# शहतूत के पेड़ पर अज्ञात व्यक्ति का शव लटका मिला

## गले में पड़ा था लोअर का फंदा, शरीर पर था सिर्फ अंडरवियर

**हल्दौर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर के जंगल में एक पेड़ से एक अज्ञात व्यक्ति का अर्धनग्न शव लटका मिला, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। बुधवार को अपराह्न करीब 3:30 बजे गांव सुल्तानपुर आबाद निवासी पूर्व प्रधान महेंद्रपाल सिंह खेतों की सिंचाई के लिए ट्यूबवैल चलाने अपने गन्ने के खेत में गए थे। जब वह ट्यूबवैल के पास पहुंचे तो उन्हें वहां स्थित एक शहतूत के पेड़ पर अज्ञात व्यक्ति का शव लटका दिखाई दिया, जिसे देख वह दंग रह गये। शव मिलने की ख़बर फैलते ही आसपास से ग्रामीण भी मौके पर जमा हो गए और उन्होंने इसकी सूचना तुरंत थाना पुलिस को दी। शव करीब 10 दिन पुराना प्रतीत हो रहा था। मृतक केवल अंडरवियर ही पहने हुआ था, जबकि लोअर का फंदा उसके गले में पड़ा हुआ था और शरीर से शर्ट भी गायब थी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास छानबीन की और शिनाख्त कराने का प्रयास किया, परंतु कोई शिनाख्त नहीं हो सकी। उन्होंने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेजा। शव मिलने की सूचना पर सीओ सिटी अभय कुमार पांडे भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की। उन्होंने बताया कि शव करीब 10 दिन पुराना लग रहा है और उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। फिर भी मृत्यु का वास्तविक कारण जानने के लिए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई जा रही है। शव के शिनाख्त हेतु पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व शिनाख्त के बाद अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी।



# परेशान न हो अवाम, रविवार को भी बैंकों में होगा काम

**बिजनौर/ नांगल सोती ( चिंगारी )। अगले सप्ताह के पहले तीन दिन लगातार राष्ट्रीयकृत बैंकों की देशव्यापी हड़ताल रहेगी। इससे पहले दो दिन बैंकों का अवकाश था। लगातार 5 दिन बैंक बंद रहने की स्थिति उत्पन्न होने के कारण सरकार ने रविवार को बैंकों का वर्किंग डे घोषित किया है। हालांकि तीन दिनों की हड़ताल बैंक ग्राहकों के लिये भारी समस्या का सबब बन सकती है।**

सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों में 28, 29 व 30 सितंबर को हड़ताल रहेगी। ज्ञातव्य है कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स (यूएफबीयू) तथा विभिन्न बैंक कर्मचारी संगठनों ने बैंककर्मियों की लंबे समय से लंबित मांगों पर सरकार और भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के ढुलमुल रवैये के खिलाफ गहरा असंतोष व्यक्त करते हुए तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान किया है। बैंक यूनियनों की मुख्य मांगें 5-डे बैंकिंग की तत्काल मंजूरी, परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) योजना में निचले स्तर के कर्मचारियों के साथ हो रहे भेदभाव को तुरंत समाप्त किये जाने और वेतन विसंगतियों के समाधान की है। बैंक यूनियनों का कहना है कि वर्तमान व्यवस्था के तहत स्केल 4 और उससे ऊपर के वरिष्ठ अधिकारियों को पूरे साल का पीएलआई दिया जा रहा है, जबकि

### बैंकों की हड़ताल बन सकती है समस्या का सबब

नीचे के कर्मचारियों को मात्र 15 दिनों के वेतन के बराबर पीएलआई देकर उनके योगदान को कमतर करके आंका जा रहा है। तीन दिन की बैंक हड़ताल बहुत लंबी हड़ताल मानी जाती है। जबकि इससे पहले 27 सितंबर को रविवार होने के कारण तथा 26 सितंबर को माह का चौथा शनिवार होने के कारण बैंकों का अवकाश था। यानी 26 सितंबर से 30 सितंबर तक देशभर के सभी राष्ट्रीयकृत बैंक लगातार 5 दिन बंद रहते। लगातार 5 दिन बैंक न खुलने से बैंक ग्राहकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता था। ग्राहकों को राहत देते हुए सरकार ने 27 सितंबर, रविवार को बैंकों का वर्किंग डे घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले इन्हीं मांगों को लेकर बैंक यूनियन्स ने 11 सितंबर को एकदिवसीय हड़ताल की थी। यदि बैंककर्मियों की मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे अक्टूबर माह में भी देशव्यापी हड़ताल पर जा सकते हैं।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

## 26 सितम्बर को होगा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम खानपुर में नांगल-चंदक मार्ग के किनारे स्थित वी.के. फार्म हाउस पर 26 सितंबर को कलश यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ होगा। वी. के. फार्म हाउस के स्वामी तथा राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती के वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ 26 सितंबर से शुरू होकर 3 अक्टूबर तक चलेगा। 26 सितंबर को पूर्वाह्न 10 बजे से कलश यात्रा का शुभारंभ होगा, जबकि प्रतिदिन भागवत कथा का वाचन, कथावाचक पं. राजू गौड़ के द्वारा अपराहन 2 बजे से किया जायेगा। उन्होंने समस्त धर्मप्रेमियों से संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के अमृत पान का आग्रह किया है।

# रिक्शा चालक पर हमला करने के आरोपी के ख़िलाफ़ मुक़दमा दर्ज

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ई-रिक्शा चालक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर देने के प्रकरण में उसकी पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया है। ज्ञातव्य है कि समीपवर्ती ग्राम सराय आलम का निवासी वीरेन्द्र ई-रिक्शा चलाता है। विगत 19 सितंबर को अपराहन ढाई बजे उसके गांव के ही निवासी शिवम पुत्र राजेन्द्र ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। समीपुर (नजीबाबाद) स्थित सीएचसी से उसे मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध जिला चिकित्सालय के लिए ये रैफर कर दिया गया था, जहां वह अभी भी उपचाराधीन है। वीरेन्द्र की पत्नी सरिता ने पुलिस को तहरीर दी थी कि आरोपी शिवम उसके पति वीरेन्द्र की ई-रिक्शा बुक करके मंडावली ले गया था, वहां से लौटते हुए शिवम रास्ते में पटाखा फैक्ट्री के पास उतर गया था। वीरेन्द्र ने शिवम से किराए के पैसे मांगे थे, तो उसने जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिया था। वह इस बात की शिकायत करने शिवम के घर गई थी, तो उसके पिता राजेन्द्र तथा मां लक्ष्मी ने उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए धक्का-मुक्की की थी और कोई भी कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी शिवम के विरुद्ध जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है तथा उसके माता-पिता के विरुद्ध भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सिल्वर मेडल लेकर लौटे जैद का क्षेत्र में हुआ जोरदार स्वागत



### जीप पर बैठाकर रोड शो निकाला

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** हरियाणा में हुई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल लेकर बुधवार को लौटे एसएम जैद का अफजलगढ़ व कासमपुर गढ़ी में जोरदार स्वागत किया गया। नगर के जसपुर तिराहे पर पहुंचते ही माल्यार्पण कर जैद को उसके कोच मौ. आरिफ सहित जीप में सवार कर नगर के मुख्य बाजार में रोड से गुजरकर सेल्यूट ताइक्वांडो एकेडमी ले जाया गया, जहां एकेडमी के किसी खिलाड़ी को नेशनल में पहली बार सिल्वर मेडल मिलने पर जैद के इस रिकॉर्ड की बधाई देकर उसके नाम से केक काटा गया और उसी से एकेडमी के एक कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन भी कराया गया। तत्पश्चात कासमपुर गढ़ी आते हुए रास्ते में कई जगह हुए स्वागत उपरांत घर पहुंचने पर वहां मौजूद युवाओं एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा जैद को फूल मालाओं से लाद दिया गया और नोटों व फूलों के गजरे पहनाकर उसका स्वागत किया गया। इस बीच उसके साथी बच्चों ने म्यूजिक की थाप पर थिरकते हुए उसकी जीत का जमकर जश्न मनाया। खुशियों के इस पल को देखकर परिजन झूम उठे। उन्होंने इस कामयाबी को अल्लाह का करम-फ़ज़ल, तमाम लोगों की दुआएं, कोच का कुशल मार्गदर्शन व ज़ैद की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। देर रात तक जैद को घर आकर बधाई देने वालों व सोशल मीडिया पर भी जैद को जीत की मुबारकबाद देने वालों का सिलसिला जारी है।

# 'मेरे सपनों का विद्यालय' पर हुई पेंटिंग प्रतियोगिता



### बच्चों ने उकेरे कल्पना के रंग

**हरेवली ( चिंगारी )।** विभागीय निर्देशों के क्रम में विकास क्षेत्र अफजलगढ़ की न्याय पंचायत हरेवली के अंतर्गत आने वाले परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 'मेरे सपनों का विद्यालय' विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा पांच एवं आठ के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से कागज पर उकेरा। संविलियन विद्यालय कुआंखेड़ा खदरी के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक एवं मनमोहक पेंटिंग बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपनी कल्पना के अनुसार सुंदर, स्वच्छ, हरा-भरा और सुविधाओं से युक्त विद्यालयों के चित्र बनाए। न्याय पंचायत हरेवली के संकुल प्रभारी सचिन कुमार ने बताया कि न्याय पंचायत स्तर पर प्राप्त पेंटिंग में से उत्कृष्ट पेंटिंग का चयन किया जाएगा। चयनित पेंटिंग को आगामी ब्लॉक स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में रचनात्मकता, कल्पनाशीलता एवं कला प्रतिभा को प्रोत्साहन मिला।

# फायर करके युवक को घायल करने वाला बाल अपचारी गिरफ़्तार

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर में एक बाल अपचारी ने एक युवक को जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर कर युवक को घायल कर दिया। ग्रामीणों ने बाल अपचारी को तमंचे सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। घायल के पिता ने घटना के संबंध में थाने में तहरीर देकर बाल अपचारी व उसके अन्य दो अज्ञात साथियों के विरुद्ध गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। नगीना थाना क्षेत्र के गांव बेगमपुर हुर्रे उर्फ हुरनंगला निवासी सत्येंद्र कुमार पुत्र हुकम सिंह ने आरोप लगाया कि मेरा पुत्र मयंक किसी कार्य से कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर आया हुआ था। सिकंदरपुर निवासी एक युवक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। युवक ने अपने अन्य दो अज्ञात साथियों के साथ मेरे पुत्र मयंक को जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचे से फायर कर घायल कर दिया। आरोपी बाल अपचारी को ग्रामीणों ने तमंचे सहित पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज का बाल अपचारी को जेल भेज दिया।

# अफजलगढ़ व रेहड़ पुलिस टीम ने भी किया जैद का स्वागत



### उज्जवल भविष्य की आशा जताई

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अनेक गणमान्य व्यक्तियों, खेल प्रेमियों, युवाओं, शुभचिंतकों आदि सहित रेहड़ व अफजलगढ़ पुलिस टीम ने नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप से सिल्वर मेडल लेकर आए कासमपुर गढ़ी निवासी एसएम जैद का उसके आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया और उसके परिजनों को बधाई दी। सहयोगी पुलिसकर्मियों के साथ पहुंचे रेहड़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा एवं पुलिस टीम सहित पहुंचे, कासमपुर गढ़ी पुलिस चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक मनवीर सिंह ने जैद के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल स्वस्थ जीवन के साथ-साथ उज्जवल भविष्य का भी मजबूत माध्यम है। इस मौके पर अनेक युवा, खिलाड़ी एवं गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

# शकुन्तला महाविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान




### छात्राओं ने निकाली जनजागरूकता रैली

**चांदपुर ( चिंगारी )।** शकुंतला महाविद्यालय चान्दपुर में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एच.जी. पाठक ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है और प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में स्वच्छता को संकल्प के रूप में अपनाना चाहिए। स्वच्छ परिसर ही स्वस्थ विचारों को जन्म देता है। इस अवसर पर रासेयो अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा उन्हें अपने गांव, मोहल्ले और घर में भी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। उपप्राचार्या डॉ. शिवानी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। अभियान के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों में अनुष्का, वंशिका, अनम, एलिशबा, लव, इफ्फत परवीन, सुमैया परवीन, समीक्षा, सुमित और शांतनु एवं आदि छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर, मन्दिर परिसर, कक्षाओं, पुस्तकालय एवं खेल मैदान में साफ-सफाई की तथा सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित कर निस्तारण हेतु भेजा। 'मेरा कचरा मेरी जिम्मेदारी' के नारों के साथ जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के बीएड विभाग के अध्यक्ष नरेश कुमार, हर्षि अग्रवाल, पारुल राव, गुंजन शर्मा, अमित चौहान, मितुल कुमार, अभिषेक कुमार, नैंसी त्यागी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## गणेशोत्सव कल होगा समाप्त

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर व क्षेत्र में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा गणेशोत्सव कल विर्सजन के साथ समाप्त होगा। बड़ी धूमधाम से गणपति को रामगंगा तक ले जाया जाएगा। इस दौरान रामगंगा के पास ब्राइट केयर फाउंडेशन व धर्मनंदा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों की संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। संस्था के संस्थापक डा. मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि वह अपना सौभाग्य समझते हैं कि इश्वर उनसे ये सेवा करवा रहे हैं। प्रसाद वितरण की अच्छी व्यवस्था की गयी है।

# भारतीय किसान संघ ने हल का पूजन करके भगवान बलराम की जयंती मनाई



**खासपुरा ( चिंगारी )।** ग्राम खासपुरा में भारतीय किसान संघ की ग्राम समिति की बैठक हुई। सोमपाल सिंह की अध्यक्षता में भगवान बलराम जयंती के पर्व पर हल पूजन संपन्न कराया गया। किसानों ने हल की पूजा कर भगवान बलराम जी का जयकारा लगाया। कार्यक्रम के उपरांत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने खेती और किसान के महत्व पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में नरेंद्र कुमार ने संबोधित करते हुए बताया कि दिनांक 25 सितंबर 2026 को भारतीय किसान संघ का एक दिवसीय धरना, ज्ञापन एवं प्रदर्शन कार्यक्रम बिजनौर जनपद मुख्यालय पर आयोजित होगा। उन्होंने सभी किसानों से अधिक से अधिक संख्या में जनपद मुख्यालय पहुंचने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भगवान बलराम की जय, भारत माता की जय और भारतीय किसान संघ जिंदाबाद के नारे लगाए। गोष्ठी में ग्राम समिति के कई ऋषिपाल सिंह, चौधरी वीर सिंह व किसान भाई उपस्थित रहे।

# दुकानदार को बातों में लगाकर बदमाश, गल्ले से एक लाख निकालकर फ़रार





**नहटौर ( चिंगारी )।** पेस्टिसाइड दुकान स्वामी को बातों में लगाकर बाइक सवार बदमाशों ने गल्ले से एक लाख की नकदी चोरी कर ली। चोरी की वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गयी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। ग्राम बालापुर निवासी आलोक कुमार पुत्र जय सिंह की बालापुर चौराहे पर बीज भंडार एवं हार्डवेयर की दुकान है। बुधवार को शाम साढ़े तीन बजे 3 अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल से दुकान पर पहुंचे। दो व्यक्ति व्यापारी से सामान के संबंध में वार्ता करने लगे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने चुपचाप गल्ले के पास पहुंचकर गल्ले को तोड़कर उसमें रखी करीब 90 हज़ार की नगदी चोरी कर ली। घटना के बाद तीनों मोटरसाइकिल पर बैठकर फरार हो गए। कुछ समय बाद जब व्यापारी आलोक द्वारा गल्ले को देखा गया तो उसमें से नकदी गायब थी। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल की तो उसमें गल्ले से पैसे निकालते हुए आरोपी कैमरे में कैद हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और आसपास के सीसीटीवी कैमरों को भी खंगाला। पुलिस ने बताया मामले में जांच की जा रही है।

# एसपी से मिले रज़्ज़ाक फ़ाउंडेशन के चेयरमैन



एसपी बिजनौर को सम्मानित करते मौ. जैद।

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** अब्दुल समी रॉयल एकेडमी एवं अब्दुल रज़्ज़ाक़ फाउंडेशन अफजलगढ़ के अध्यक्ष शेख मौ. जैद ने गत दिवस पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई से शिष्टाचार भेंट की और उनकी कार्यप्रणाली, अपराधियों के खिलाफ उनका सख्त एक्शन, मजबूत कानून व्यवस्था एवं शानदार पुलिसिंग के लिए उन्हें बधाई देते हुए बुके भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। मौ. जैद ने बताया कि कप्तान साहब अपने काम में जितने परफेक्ट हैं, फेस टू फेस मुलाकात में उतने ही अच्छे इंसान साबित हुए हैं, जिनसे मिलकर लगा कि आज बिजनौर जिले में कानून व्यवस्था को लेकर कप्तान साहब के रूप में जो अधिकारी हमें मिले हैं, हम सभी जनपदवासी सौभाग्यशाली हैं।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर कराया योगाभ्यास



**हल्दौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर जीएसएसएन इंटरनेशनल एकेडमी हल्दौर में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आयुर्वेद, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में योगाचार्य संदीप दुबे एवं योगाचार्य अर्जुन नागर ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से आयुर्वेद के महत्व पर परिचर्चा की। उन्होंने दैनिक जीवन में आयुर्वेद को अपनाने, प्राकृतिक एवं संतुलित जीवनशैली तथा स्वस्थ रहने के विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी प्रदान की। इसके पश्चात दोनों योगाचार्यों द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विभिन्न योगासन एवं योगाभ्यास कराए गए तथा नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय की ओर से योगाचार्य संदीप दुबे एवं योगाचार्य अरविंद नागर को उनके विशेष योगदान एवं मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

# रातोंरात 15 युवा अधिवक्ताओं के चैम्बर्स जेसीबी से करा दिये गये ध्वस्त


टूटे हुए चैंबरों के पास खड़े हुए अधिवक्तागण।

## अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग की

**धामपुर ( चिंगारी )।** बीती रात उप जिला अधिकारी कार्यालय से तहसील को जाने वाले मुख्य मार्ग पर बने हुए युवा अधिवक्ताओं के लगभग 15 चैंबरों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया, जिससे अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। उनका आरोप है कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने इस घटना को अंजाम दिया है क्योंकि उनके चैंबर सिंचाई विभाग की चार दीवारी से लगाकर मुख्य मार्ग पर रखे हुए हैं।

युवा अधिवक्ता राम किशोर ने बताया कि अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी कार्यालय से तहसील जाने वाले मुख्य मार्ग की एक साइड में अपने चेंबर बना रखे हैं। आरोप है कि बीती रात सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने जेसीबी मशीन से लगभग 15 अधिवक्ताओं के चेंबर धवस्त कर दिए। आज प्रात: जब अधिवक्ता तहसील पर पहुंचे तो उन्हें चैंबर टूटने की जानकारी मिली। इस बारे में जब अधिवक्ताओं ने सिंचाई विभाग के एसडीओ को फोन किया तो उन्होंने अपना फोन स्विच ऑफ कर दिया। इस घटना के विरोध में रामकिशोर एडवोकेट यशो वर्धन सिंह एडवोकेट, संजीव कुमार एडवोकेट, अनिल कुमार एडवोकेट, मीनाक्षी सिंह एडवोकेट ,अनवर एडवोकेट, सरफराज हुसैन एडवोकेट, शानू एडवोकेट, राजीव शर्मा एडवोकेट, विपिन कुमार एडवोकेट,वीर सिंह एडवोकेट, सुरभि चौहान, राजीव शर्मा, ज्ञानदीप एडवोकेट, जितेंद्र एडवोकेट ने प्रदर्शन कर उप जिला अधिकारी से कार्यवाही किए जाने की मांग की।

# स्वस्थ मां व स्वस्थ बच्चे, स्वस्थ समाज की मजबूत नींव रखते हैं : ऋतु खंडूड़ी

## रोटरी भवन में महिला व बाल पोषण मेला आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार–नजीबाबाद रोड स्थित रोटरी क्लब के सभागार में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग तथा रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल पोषण मेले में प्रतिभाग किया। इस दौरान लक्ष्मी किट वितरण, गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार सहित विभिन्न पोषण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं संतुलित आहार से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया, साथ ही गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा बच्चों के पोषण से संबंधित जानकारी भी दी गई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जच्चा और बच्चा देश का भविष्य हैं। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए पोषण पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चे ही स्वस्थ एवं सशक्त समाज की मजबूत नींव रखते हैं। बच्चों के समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पौष्टिक एवं संतुलित आहार अत्यंत आवश्यक है। कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं कल्याण के लिए अनेक महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के साथ–साथ जन–जागरूकता बढ़ाना भी आवश्यक है। कहा कि हमारे स्थानीय एवं पारंपरिक खाद्य पदार्थ पोषक तत्वों से भरपूर हैं। इन्हें दैनिक आहार में शामिल कर महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शशि बाला केष्टवाल, मंडल अध्यक्ष विकासदीप मित्तल, सीडीपीओ शशि भट्ट, संतोषी गोसाईं, सैला रतूड़ी एवं सरोजनी देवी सहित महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी–कर्मचारी तथा रोटरी क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## साम्प्रदायिक सद्भाव का भी ध्यान रखा जाए- राजेन्द्र कुमार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पिछले दिनों सहारनपुर कलेक्ट्रेट में स्थित मस्जिद को ध्वस्त किए जाने की घटना को लेकर जिला बार एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र कुमार ने एक बयान जारी किया है। उनका कहना है कि इस घटना को लेकर एक समुदाय के लोगों को भड़काने की काफी कोशिश की गई किन्तु उन्होंने संयम बरता। उनके द्वारा शांति व सद्भाव का परिचय दिया गया, जो अनुकरणीय है। हालांकि यह तूफान से पहले की शांति भी हो सकती है। इसलिए जानबूझकर किसी भी धर्म के लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचायी जाए। क्योंकि यह प्रतिशोध का रूप ले सकती है। राजेन्द्र कुमार ने कहा कि नि:संदेह देश व प्रदेश में साम्प्रदायिक दंगे कम हुए है तथा अपराधियों का मनोबल तोड़ा गया है लेकिन इसके साथ ही हमें धार्मिक सद्भाव का भी ध्यान रखना होगा ताकि देश की धर्मनिरपेक्ष छवि को नुकसान न पहुंचे।

## जनसेवा एक्सप्रेस की चपेट में आने से महिला की मौत

**नगीना ( चिंगारी )।** अमृतसर–जनसेवा एक्सप्रेस की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। बुधवार को हादसा नगीना में कोतवाली मार्ग स्थित बिजनौर रेलवे फाटक से करीब 70 मीटर आगे अप लाइन पर हुआ। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और महिला की पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उसकी पहचान नहीं हो सकी। जीआरपी के अमित कुमार के अनुसार महिला की उम्र करीब 38 वर्ष है। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# लेखपालों ने की वेतनमान बढ़ाने की मांग


लेखपाल संघ की बैठक।

## संगठन की बैठक आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ ने मंगलवार को तहसील सभागार में आयोजित बैठक में अपनी पुरानी मांगों पर चर्चा की और सरकार से वेतनमान बढ़ाने की मांग की। लेखपालों ने बताया कि उनकी मांगें पिछले 20 सालों से पूरी नहीं हुई हैं। सरकार हर बार सिर्फ आश्वासन देती है। उन्होंने कहा कि आज भी उन्हें साइकिल के लिए 200 रुपए और स्टेशनरी के लिए 100 रुपए का भत्ता मिलता है। उनका वेतनमान सिर्फ 2000 रुपए है। लेखपालों ने यह भी बताया कि अब उनके सभी काम तकनीकी हो गए हैं। लेकिन, इसके लिए उन्हें कोई संसाधन नहीं दिए गए हैं। वे अपने मोबाइल और लैपटॉप से ही सारे सरकारी काम करते हैं। बैठक में लेखपाल संघ के अध्यक्ष प्रवीण कुमार नागर, जिलाध्यक्ष अंजली त्यागी, संरक्षक अशोक कुमार, तहसील सचिव प्रदीप तालियान, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मसिंह रवि, लेखपाल अक्षय त्यागी और प्रीति राजपूत समेत कई लेखपाल मौजूद रहे।

## बाइक चोर गिरफ्तार साथी की तलाश

**धामपुर ( चिंगारी )।** कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी की घटना का खुलासा कर दिया है। कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बाइक चोरी में पकड़ा गया जय कुमार अकेला नहीं था। उसके साथ गांव का ही विकास पुत्र धर्मवीर भी शामिल था। बाइक धामपुर की क्षत्रिय नगर कॉलोनी में दृष्टि लाइब्रेरी के बाहर से चोरी हुई थी। यह बाइक नूरपुर के जमालपुर निवासी दिशांक कुमार पुत्र जागेश कुमार की थी। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है, जबकि दूसरे आरोपी विकास की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी का पुलिस ने चालान कर दिया है।

## जीजीआईसी में रोटरी क्लब द्वारा बालिका स्वास्थ्य व स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब की ओर से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बालिका स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय परिसर स्थित छात्रावास की बालिकाओं को स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमाली अग्रवाल द्वारा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सम्बन्धित जानकारी दी गयी। इस अवसर डॉ. हिमाली अग्रवाल ने बालिकाओं को मासिकधर्म के दौरान होने वाले शारीरिक एवं हार्मोनल परिवर्तनों, व्यक्तिगत स्वच्छता, मासिक धर्म के दौरान आवश्यक सावधानियों, संतुलित आहार तथा समुचित स्वास्थ्य देखभाल के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति सजग रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर उचित चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए भी प्रेरित किया। रोटरी अध्यक्ष प्रतिभा गुप्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओ को स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं मासिक धर्म संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक एवं सजग बनाना है। छात्रावास की वार्डन दीप्ति गुसाईं ने कहा कि यह आयोजन बालिकाओं में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में रोटरी क्लब की सामाजिक उत्तरदायित्व भावना का एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम में क्लब सचिव वीना रावत, ऊषा अग्रवाल, डीपी सिंह, गोपाल बंसल और शरतचन्द गुप्ता सहित विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं व बालिकाए उपस्थित रही।

## एमकेवीएन में अचीवर्स क्लब अवार्ड सेरेमनी आयोजित

### शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** एमकेवीएन एजुकेशनल ग्रुप की ओर से शिक्षकों के लिए अचीवर्स क्लब अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र हित के विभिन्न क्षेत्रों में अहम भूमिका निभाने वाले विद्यालय के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। ग्रुप की कण्वघाटी शाखा में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश चन्द्र कोठारी एवं शिक्षा निदेशिका सिन्धु कोठारी द्वारा संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात शिक्षक पुष्कर कुमार व ज्योति कुलाश्री को द पर्पल क्लब अवार्ड, सुषमा नेगी को फारएवर विद अस अवार्ड, शोभा रावत, पुष्पा केष्टवाल, विपिन जदली, रेखा नेगी तथा कविता रावत को की कन्ट्रीब्यूटर अवार्ड, आकृति लखेडा, हिमानी रावत, आदित्य चन्द और अंजली सकलानी को द ब्रिलिएंट बिगिनर अवार्ड, पुष्कर कुमार,अनीता नेगी, सीमा पटवाल, आकृति लखेड़ा, हिमानी रावत, अशोक जखमोला, ऋतु शर्मा, नीतीश कुमार, उमंग शर्मा, विवेक सती व अतुल बडोला को द अकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया।

## लम्बे समय से फ़रार, 11 गै़र जमानती वारंटी गिरफ्तार

**धामपुर ( चिंगारी )।** पुलिस अधीक्षक बिजनौर के निर्देशन में अपराधियों और वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत धामपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। धामपुर कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई में 11 गैर–जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, ये सभी वारंटी कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे और फरार चल रहे थे, जिसके बाद न्यायालय ने इनके खिलाफ गैर–जमानती वारंट जारी किए थे। गिरफ्तार आरोपियों में मारपीट, बलवा, महिला उत्पीड़न (धारा 498ए), पॉक्सो एक्ट और चेक बाउंस (धारा 138 इन एक्ट) जैसे गंभीर मामलों के आरोपी शामिल हैं। उनमें रायपुर मलूक उर्फ काजपुर निवासी वीरेन्द्र, प्रमोद, गोपाल और दिनेश, सरकथल सानी निवासी जुल्फकार, रईस और शाहिद, बगदाद अंसार निवासी नासिर, अलीपुर भिवकन उर्फ अमरपुरी निवासी अक्षय, सादात नीन्दडू निवासी सईदउल हसन तथा मोहड़ी केदारपुर निवासी सोमी देवी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा–निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में शामिल उपनिरीक्षक ब्रजकिशोर शर्मा, उपनिरीक्षक गोपाल सिंह, उपनिरीक्षक सुशील कुमार, उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार और आरक्षी क्षमा की ने कार्यवाही को अंजाम दिया। पुलिस का कहना है कि फरार वारंटियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सड़क हादसे में घायल छात्र मिलिंद की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत

## प्रियंका स्कूल में 12वीं का छात्र था मिलिंद


फाइल फोटो मिलिंद चौहान

**धामपुर ( चिंगारी )।** स्योहारा रोड पर 19 सितंबर को प्रियंका मॉडर्न स्कूल के पास हुए भीषण सड़क हादसे ने दो परिवारों की खुशियां छीन लीं। इस घटना में घायल प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र मिलिंद प्रताप सिंह (18 वर्ष) की चार दिन तक कोमा में रहने के दौरान 23 सितंबर को दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई। मिलिंद की मौत के साथ ही इस हादसे में मरने वालों की संख्या दो हो गई है।

उल्लेखनीय है कि शनिवार 19 सितंबर (शानिवार) की सुबह स्योहारा रोड पर प्रियंका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के पास दो बाइकों की आमने–सामने जोरदार भिड़ंत हो गई थी। एक बाइक पर धामपुर क्षेत्र के गांव मोहड़ा निवासी नसीम अहमद अपने दो भतीजे–भतीजी और एक बेटे को राधा इंटर कॉलेज छोड़ने जा रहे थे। दूसरी बाइक पर गांव जैतरा निवासी अरुण चौहान के 18 वर्षीय बेटे मिलिंद प्रताप सिंह सवार थे, जो प्रियंका सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12 के छात्र थे।

दोनों वाहनों की टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत सभी घायलों को धामपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने नसीम अहमद और मिलिंद की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मुरादाबाद रैफर कर दिया मुरादाबाद में इलाज के दौरान ही सब्जी का काम करने वाले नसीम अहमद (30 वर्ष)की उसी दिन मौत हो गई थी। नसीम के तीन बच्चे हैं। वहीं मिलिंद की हालत में सुधार न होने पर मुरादाबाद से दिल्ली रैफर किया गया था। दिल्ली में 4 दिन तक जिंदगी और मौत से जूझने के बाद बुधवार सुबह मिलिंद ने भी दम तोड़ दिया। मिलिंद के परिवार में एक बड़ा भाई भी है। छात्र की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया है, साथ ही पूरे स्कूल में शोक की लहर दौड़ गई। धामपुर कोतवाल प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इस दुर्घटना में पहले नसीम अहमद के परिजनों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। अब मिलिंद के परिजन आगे क्या कार्रवाई करेंगे, इसकी जानकारी अभी नहीं है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस हादसे में घायल हुए नसीम के बच्चों की हालत भी गंभीर बनी हुई है, जिनका इलाज चल रहा है।

## राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रुद्र प्रताप सिंह का शानदार प्रदर्शन, टीम ने जीती ट्रॉफी



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोविंदपुरम आवास विकास कॉलोनी निवासी एडवोकेट गजेंद्र सिंह के पुत्र रुद्र प्रताप सिंह ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। हरिद्वार स्थित आचार्यकुलम, पतंजलि योगपीठ में कक्षा 10 के छात्र रुद्र प्रताप सिंह ने भारतीय शिक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में रुद्र प्रताप सिंह ने अपनी टीम के लिए बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और टीम को विजेता बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। शानदार प्रदर्शन के बाद टीम ने ट्रॉफी अपने नाम की। रुद्र प्रताप सिंह इससे पूर्व बिजनौर स्थित सेंट मैरी स्कूल के छात्र रहे हैं। वर्तमान में वह आचार्यकुलम, पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार में अध्ययनरत हैं। खास बात यह है कि रुद्र प्रताप सिंह ने दो अलग–अलग खेलों में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। अब रुद्र प्रताप सिंह हैंडबॉल की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए बुलंदशहर जा रहे हैं। लगातार दो अलग–अलग खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा और बहुमुखी क्षमता का परिचय दिया है। उनकी उपलब्धि पर परिजनों और परिचितों ने खुशी जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रोफेसर ओपी चौधरी मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय सहारनपुर की कार्य परिषद के सदस्य नामित



**वाराणसी/सहारनपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने श्री अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज वाराणसी के मनोविज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. ओपी चौधरी को सहारनपुर स्थित मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की कार्य परिषद का सदस्य नामित किया है। डॉ. चौधरी इससे पूर्व तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक द्वारा डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय,अयोध्या की कार्य परिषद के सदस्य नामित किए गए थे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में एप्लाइड साइकोलॉजी पाठ्यक्रम शुरू कराने, स्ववित्तपोषित शिक्षकों के लिए अवकाश व्यवस्था लागू कराने तथा कर्मचारियों के समायोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसके बाद राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उन्हें वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की कार्य परिषद का सदस्य नामित किया। वहां उन्होंने वर्षों से लंबित मृतक आश्रितों को विश्वविद्यालय सेवा में नियुक्त कराने के प्रयासों में योगदान दिया। अब डॉ. ओपी चौधरी को पुन: कार्य परिषद का सदस्य नामित किए जाने पर विभिन्न लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## अग्निशमन विभाग की टीम ने औद्योगिक संस्थानों ने अग्नि सुरक्षा व्यवस्था परखी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अग्निशमन विभाग की ओर से अग्निकांड जैसी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए जागरूकता अभियान शुरु कर दिया गया है। इसके तहत विभागीय टीम ने सिडकुल औद्योगिक क्षेत्र पहुंचकर विभिन्न संस्थानों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को परखा। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र खाती के नेतृत्व में फायर यूनिट कोटद्वार ने सिडकुल स्थित संस्थानों में स्थापित अग्निशमन उपकरणों, प्राथमिक अग्निशमन संसाधनों, आपातकालीन निकासी मार्गों और आपदा की स्थिति में बचाव एवं निकासी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कहा कि संस्थानों में कार्य करने वाले प्रत्येक कर्मचारी को भी अग्निशमन का उपयोग करना आना चाहिए। जिससे आपात स्थिति में यह गुर काम आ सकें। कहा कि कहीं भी आग जैसी घटनाएं होने तक इसकी सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दें। अभियान के दौरान फायर सर्विस टीम ने संस्थानों के कर्मचारियों को प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के संचालन और उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया साथ ही संस्थानों के कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में शुरुआती स्तर पर प्रभावी कार्रवाई करने, घबराहट से बचने और सुरक्षित तरीके से लोगों की निकासी सुनिश्चित करने पर जानकारी दी गई।

# 25 दिन बाद भी नहीं हुआ ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग की घटना का खुलासा

## पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

**नहटौर ( चिंगारी )।** मोहल्ला नौधा में कार और बाइक सवार बेखौफ बदमाशों द्वारा की गई ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग की सनसनीखेज वारदात को 25 दिन से भी अधिक का समय बीत चुका हैं, लेकिन पुलिस के हाथ अब तक पूरी तरह खाली हैं। पुलिस की कार्यशैली, ढुलमुल रवैये और नाकामी के चलते स्थानीय निवासियों में असुरक्षा और खौफ का माहौल गहराता जा रहा है।

25 दिन पूर्व नहटौर के मोहल्ला नौधा में धामपुर रोड की ओर से एक कार और दो–तीन मोटरसाइकिलों पर सवार होकर आए आधा दर्जन से अधिक हथियारबंद युवकों ने मोहल्ला नौधा में अचानक धावा बोल दिया था। इलाके में पहुंचते ही बदमाशों ने सरेराह 3–4 राउंड ताबड़तोड़ हवाई फायरिंग शुरू कर दी थी, जिससे पूरे क्षेत्र में भगदड़ मच गई और लोग जान बचाने के लिए दुकानों व मकानों में दुबकने को मजबूर हो गए। वारदात को अंजाम देकर कार सवार बदमाश तेज रफ्तार से धामपुर रोड की ओर भाग निकले, जबकि बाइक सवार नगर की गलियों से होते हुए बड़ी आसानी से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने जल्द खुलासे के बड़े–बड़े दावे किए थे, लेकिन 25 दिन से ज्यादा का वक्त बीत जाने के बाद भी नतीजा शून्य ही नजर आ रहा है। न तो अब तक गाड़ियों के नंबर ट्रेस किए जा सके हैं और न ही बदमाशों का कोई सुराग हाथ लगा है। पुलिस की कार्रवाई सिर्फ सीसीटीवी फुटेज खंगालने की औपचारिकता तक ही सिमट कर रह गई है। दिन दहाड़े फायरिंग कर कानून को चुनौती देने वाले बदमाशों की गिरफ्तारी न होना यह साबित करता है कि इलाके में पुलिस की गश्त और खुफिया तंत्र पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है।

# दिशा इन्स्टीट्यूट में फार्मा कोविजिलेंस सप्ताह मनाया

## दवाओं के सुरक्षित व तर्कसंगत उपयोग के बारे में बताया



**धामपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में फार्मा कोविजिलेंस सप्ताह के अवसर पर छात्र छात्राओं को दवाओं के सुरक्षित एवं तर्कसंगत उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दवाओं के दुष्प्रभावों की पहचान, उनकी रिपोर्टिंग तथा मरीजों की सुरक्षा में फार्मा कोविजिलेंस की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के महासचिव मुकेश अग्रवाल ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि दवाओं का उपयोग चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार किया जाना चाहिए तथा किसी भी प्रतिकूल दवा प्रतिक्रिया की समय पर जानकारी देना अत्यंत आवश्यक है। रजिस्ट्रार राजीव कुमार ने कहा कि फार्मा कोविजिलेंस के प्रति जागरूकता बढ़ाकर दवाओं के सुरक्षित उपयोग को प्रोत्साहित किया जा सकता है। वहीं हाई–ओ–डी, फार्मेसी ने विद्यार्थियों को प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं की सही पहचान एवं रिपोर्टिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। मेंइस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. वी.के. भारती ने कहा कि फार्मेसी के विद्यार्थियों के लिए दवाओं की सुरक्षा एवं उनके दुष्प्रभावों की जानकारी रखना अत्यंत आवश्यक है।

एक संस्था की शिक्षिका आकांक्षी लाम्बा ने फार्मा कोविजिलेंस से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में अकादमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, विभागाध्यक्ष नितीश कुमार ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संस्थान के शिक्षकगण मोनू कुमार, ललित कुमार, लव कुमार, सुनैना राजपूत, अंजली, गौतम, वैभव कटारिया, रजत चौहान, आकांक्षी, तनीशा गौड़, जसवन्त सिंह, समरीन आलम एवं फार्मेसी के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**





# यूपी की हर छत बने ऊर्जा का स्रोत, हर घर बने हरित विकास का साथी



## स्वच्छ ऊर्जा • आत्मनिर्भरता • सतत विकास

**उत्तर प्रदेश सरकार राज्य को हरित ऊर्जा की दिशा में अग्रसर करने के लिए प्रतिबद्ध है। सौर ऊर्जा नीति-2022 के माध्यम से प्रदेश में घरों, किसानों, उद्योगों और सरकारी संस्थानों तक स्वच्छ एवं किफायती ऊर्जा पहुंचाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह पहल न केवल बिजली की बढ़ती मांग को पूरा कर रही है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन कम करने, रोजगार सृजन, किसानों की आय बढ़ाने और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को भी नई गति दे रही है।**

### घर-घर सौर ऊर्जा

- अपनी छत को ऊर्जा उत्पादन का माध्यम बनाइए।
- बिजली बिल में उल्लेखनीय बचत।
- केंद्र एवं राज्य सरकार की सब्सिडी का लाभ।
- नेट मीटरिंग के माध्यम से अतिरिक्त बिजली ग्रिड में भेजने की सुविधा।
- ऑनलाइन आवेदन एवं पारदर्शी प्रक्रिया।



### किसान बने ऊर्जा उत्पादक (पीएम-कुसुम)

- सौर पंपों से कम लागत में सिंचाई।
- डीजल एवं पारंपरिक बिजली पर निर्भरता में कमी।
- खाली अथवा अनुपयोगी भूमि पर सोलर प्लांट स्थापित कर अतिरिक्त आय का अवसर।
- दिन में निर्बाध सिंचाई के लिए स्वच्छ ऊर्जा।



सोलर पंप योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2017- 18 से 2025 के बीच किसानों के खेतों में अलग- अलग क्षमता के 91,104 सोलर पंप लगाए गए।

### पीएम सूर्य घर योजना से जगमग प्रदेश

कुल आवेदन (संख्या): 11,53,455

कुल इंस्टॉलेशन (संख्या): 6,99,303

कुल लाभान्वित परिवार (संख्या): 7,06,883

कुल स्थापित क्षमता: 2,356.78 मेगावाट (MW)

जारी की गई सब्सिडी: ₹4,652.73 करोड़



### हरित शहर एवं ऊर्जा-सक्षम गांव

सोलर सिटी अवधारणा को बढ़ावा।

फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं का विकास।

सरकारी भवनों एवं संस्थानों में सौर ऊर्जा का विस्तार।

ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइट एवं सार्वजनिक सुविधाओं का विकास।



### उद्योगों के लिए ग्रीन एनर्जी

- उत्पादन लागत में कमी।
- ओपन एक्सेस एवं कैप्टिव सोलर परियोजनाओं को बढ़ावा।
- पर्यावरण-अनुकूल उद्योगों को प्रोत्साहन।
- कार्बन फुटप्रिंट घटाकर सतत विकास की दिशा में मजबूत कदम।



### उत्तर प्रदेश सरकार की प्रमुख पहलें

- उत्तर प्रदेश सौर ऊर्जा नीति-2022 के माध्यम से बड़े निवेश एवं सौर परियोजनाओं को प्रोत्साहन।
- रूफटॉप सोलर, ओपन एक्सेस, कैप्टिव एवं फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं के लिए अलग-अलग प्रावधान।
- पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।
- पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से किसानों के लिए सौर सिंचाई एवं ऊर्जा उत्पादन के नए अवसर।
- राज्य में फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं और ऊर्जा भंडारण आधारित सोलर प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।

**आज ही सौर ऊर्जा अपनाइए और उत्तर प्रदेश को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कीजिए।**

ADVERTORIAL